[श्री शरद यादव]

यह जन भेद का चल रहा है । जो पोर्शन उस जन विरोध से निकाला गया है, उससे साफ जाहिर होता है कि आप जनता की भावना को नहीं दिखलाना चाहते हैं, यहां तक कि वह भाग जिसमें आप को भी ज्ञापन दिया गया था, वह भी निकाल दिया गया है इसलिये मैं चाहता हूं कि सरकार यह बात स्पष्ट करे कि वह रील निकाल कर क्यों बाहर की ? और जिस अधिकारी की गलती से ऐसा हुआ उसके खिलाफ अभी तक क्या कार्यवाही हुई, या आगे कोई कार्यवाही उसके खिलाफ आप करेंगे, यह मैं जानना चाहता हूं ।

श्री आई० के० गुजराल : बुनियादी बात यह नहीं है कि वह फिल्म कब दिखाई जाएगी और कब नही दिखाई गई । सवाल यह है कि वह फिल्म उस वक्त के लिये थी जिस वक्त कि उस की न्यूज वैल्यू थी । और वह वैल्यू तीन, चार सप्ताह बाद नही रहती है । एक दिन पुरानी खबर दूसरे दिन पढी नही जाती है, और 3, 4 दिन बाद उसकी कोई वैल्यू ही नहीं है । स्टेल न्यूज की कोई वैल्यू नही है । गलती यह हुई कि सारी न्यूज रील को विदड्रा नहीं किया गया जब कि इन्स्ट्रक्शन्स सारी की सारी न्यूज रील को विदड्रा करने के थे ।.

श्री शरद यादव : उस अधिकारी के खिलाफ आप ने कोई कार्यवाही क्यो नहीं की ?

SHRI I. K. GUJRAL: My hon. friend is new But, he is very intelligent. Let him also understand that we also understand things. The main point is that, instructions were that only news reels which do not have relevance, in the news value sense, should be withdrawn. If we had any motive, naturally, we would not have continued with the showing of the Jan Sangh Session. They did not withdraw according to the instructions. The instructions were to withdraw the whole thing.

MR. SPEAKER: We will now take up discussion on the Demand for Grants in respect of the Ministry of Agriculture and Irrigation.

---

## RE. CLOSURE OF INDUSTRIES IN KANPUR DUE TO POWER SHORTAGE

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur): Sir, I want to make a submission.

MR. SPEAKER: Not now.

SHRI S. M. BANERJEE: Sir, you asked me to make it afterwards.

MR. SPEAKER. Don't do it every time.

13.32 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*].

SHRI S. M. BANERJEE: Mr. Deputy-speaker, Sir, I am raising a very serious matter You are aware that from today, for eight days, in Kanpur, all the industries have been closed because of lack of power. Sir, because of this, more than one lakh of industrial workers are on the streets. Sir, this concerns the Central Government and they should supply power to the State Government There is power shortage there. That is why this situation has arisen. All the industrial units have been closed This has resulted in an extra-ordinary situation. I would request you ask the Minister to make a statement.

---

13.33 hrs.

## DEMANDS FOR GRANTS, 1975-76—contd.

## MINISTRY OF AGRICULTURE AND IRRIGATION—*Contd.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Natwarlal Patel. I have a letter from your chief Whip again reiterating his request that Members of the Congress Party may not be given more than ten minutes in view of the fact that there is a large number of Members who want to speak. This is the only thing I wanted to bring to your notice.

SHRI M. C. DAGA (Pali): It happens always that the first speakers get 30-40 minutes and later on, the Members participating in the discussion get only ten minutes.

MR. DEPUTY-SPEAKER. I am only conveying the request of your chief Whip. It is your intra party matter. You will get only ten minutes.

SHRI NATWARLAL PATEL (Mehsana): Mr. Deputy-Speaker, Sir, thank you for giving me an opportunity to take part in the discussion on the Demands for Grants in respect of the Ministry of Agriculture and Irrigation. I come from a rural area. I am concerned with the problems of agriculturists. Not only that, Sir. After coming to Delhi, I have been trying to solve the problems of agriculturists. Sir, I would like to request you one thing. So far as Gujarat is concerned, there are various problems relating to agriculturists. At present, so far as long staple cotton growers are concerned, they are suffering a lot and we are trying to bring this to the notice of the hon. Finance Minister, hon. Agriculture Minister and hon Commerce Minister. But, up till now, nobody has paid any attention to these problems.

So far as our agriculturists are concerned, in the past they used to grow short staple cotton. Only at the instruction of the Government of India they switched over to long staple cotten. At that time, an assurance was given by the Government of India that if the price fell below cost, Government would enter the market and extend price support But at present, the position is that our farmers are having to sell their cotten below cost price.

I understand that so far as this country is concerned, it is a country of agriculturists. Not only that, 80 per cent of the people of the country are living in villages. They are all concerned with agriculture. Everybody living in the village, about 80 per cent of the people of the country, earn livelihood from agriculture. This must be considered the biggest industry of the country and all facilities should be given to the farmers to pursue this occupation of theirs.

Before I came to this House, I was under the impression that after coming to Delhi, I would be able to help solve the problems of the peasants and farmers There are many hon. members who are much bothered about the problems of labour—I am happy about it; there are many other hon. members, was concern themselves, with the problems of industry—I am very happy about it; there are also many other hon. members who worry themselves about other problems But there are very few members here who much worry themselves about the problems of peasants I understand at the time of elections we go to the farmers and tell them 'Vote for us; when we go to Delhi, we shall be able to solve your problems' So far as this House is concerned, I understand 80 per cent come from the rural areas. They are the real representatives of peasants. I understand if they fail in solving their problems, it will be the greatest tragedy of this country—that we are not in a position to solve the problems of the peasants

As regards cotton, I know Shri Shinde is a vertern co-operator. So far as the co-operative movement is concerned, he is aware of the problems of cotton growers In Maharashtra also, it is grown as in Gujarat and other parts of the country So far as the long-staple cotton growers are concerned, this year the crop is round about 18 lakh bales Last year's carryover stock was about 4 lakh bales. As against, the demand at present is only 8-10 lakh bales. So Government should either enter the market in a big way and lift those stocks or have this cotton exported I think there must be some way out I do not know what is the way out. I put this matter before the Ministry If there is any other method besides this, I would like to know from the hon Minister. The hon Minister is very sympathetic to the problems of the agriculturists. So far as I understand, Shri Shinde is

[Shri Natwarlal Patel]

also understanding. These problems require to be solved. I understand there are difficulties. Shri Subramaniam is the hon. Minister of Finance. I understand adequate finance is not made available to the Cotton Corporation of India and the textile mills to purchase cotton. This problem has got to be solved, Government should take up this matter as urgent. This is a critical problem of the farmers. If it is not solved, the entire economy of the country will go to dogs. The agriculturists are the backbone of the economy. If this backbone is broken, you can understand what will be the position of the country. I understand in order to have a strong economy, our agriculturists should never be ignored.

So far as irrigation is concerned, I do not say we have done nothing, but we have done very little. I will give one simple example. Some hon. Members may say that everytime I speak on the floor of the House, I refer to the Narmada issue. So far as the problems of Gujarat farmers are concerned, their solution is closely connected with the Narmada water issue. I understand not only the people of Gujarat but the people of Madhya Pradesh and the entire country are concerned with it. If this issue had been solved 15-20 years ago, we would have been self-sufficient in these States in respect of foodgrains. Today we are having to import foodgrains from abroad. Not only that, we have to pay the price they ask. I am very sorry to say that we have to pay price of Rs. 200. There is no scope for negotiation also because we have to feed our hungry people. In this context, I understand the difficulty of the Government of India. We pay more for importing foodgrains, wheat, but we do not give a remunerative price to our farmers. This is such a simple matter that even a small child can understand. The Agricultural Prices Commission have fixed the price of wheat at Rs. 105. In this they are supposed to have to take into account the cost of production. But I understand they have not.

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur): I understand his time was only for 15 minutes.

SHRI NATWARLAL PATEL: The price of Rs. 105 is not remunerative. So far as Gujarat is concerned, we have to depend on tube-well water for irrigation. In Haryana and Punjab they have canal water and so the cost of irrigation is less. Still in Haryana and Punjab they have recently raised the cost price to more than Rs. 105. Therefore, the remunerative price should be Rs. 125. This would be a most desirable step for Government to take.

Regarding the Narmada waters issue, it is no use further dilating on it now because it is before a tribunal. But I hope soon the mater would be finalised. This a matter of life and death for Gujarat. By solving this issue, we can save the people of Gujarat from drought and severe floods also.

So far as the present irrigation projects are concerned, some are suffering for want of finance. When we plan a project, we must have in mind the means to provide adequate finance to it. We start a scheme. After two years, we find that it is kept hanging for want of finance for years together. Ultimately, it is a great loss This is a crucial point. When you plan a project, it must be cent per cent with the financial part of it adequately taken care of.

So far as fertiliser is concerned, the price is already very high. I learn from reliable sources—I do not know whether it is right or—wrong that the Government of India intend to increase the price. I wish to tell Shri Shinde that there is no scope to increase by even a single paisa. If it is raised; there will be great resentment among farmers. I understand fertiliser is not selling due to the already high price.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I understand that you have come to the end of your speech.

**SHRI NATWARLAL PATEL:** So far as pesticides are concerned, due to their poor quality the per acre yield has gone down. As a result, the farmers naturally lose.

Lastly, I would reiterate my request that in regard to the problem of the stock of long-staple cotton, some way must be found. This should be purchased from the farmers either on behalf of the Government of India or on behalf of Shri Shinde or for the purpose of experts. Kindly solve this problem because otherwise our growers will be put to a lot of difficulties and suffering.

**श्री बीरेन्द्र सिंह राव** (महेन्द्रगढ़) : मोहतरम् डिप्टी स्पीकर साहब, देश की 85 फीसदी आबादी देहातो में रहती है, जिसमें से 80 फीसदी किसान हैं और बाकी 5 फ़ीसदी खेतीबाड़ी के मजदूर हैं या किसान के ऊपर उन की रोजी मुनहसर है। इस लिहाज से एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री की बहुत बड़ी अहमियत है लेकिन जो काम एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री ने पिछले 28 सालो में किया जबसे देश आजाद हुआ, उस को देखने हुए मुझे कहते हुए दुख होता है किसान की हैसियत में कि अगर किसानो की सब से बड़ी दुश्मन् कोई चीज इस देश में है, तो वह एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री है। इसने किसानो का सत्यानाश करके रख दिया है। एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री की जिम्मेदारी थी कि किसानो के मयारे-जिन्दगी को ऊपर उठाया जाए और शहरी और देहाती आबादी मे जो इम्तियाज चल रहा है आमदनी का, उसको कम किया जाए लेकिन इस के बरअक्स पिछले सालो के अन्दर देहाती जिन्दगी नरक बन गई है और शहरी जिन्दगी खुशहाली से भरी हुई है।

**श्री शशि भूषण** (दक्षिण दिल्ली) : स्वर्ग नहीं है।

**श्री बीरेन्द्र सिंह राव** : आप जैसे लोग जो हैं वे तो स्वर्ग के ऊपर बैठे हुए हैं। पिछले चन्द सालो में किसानो की रहन-सहन की हालत गिरी है और इसका अन्दाजा इस बात से होता है कि चौथी पचसाला प्लान शुरू होने के वक्त औसतन एक देहाती के खर्च करने की ताकत एक औसत शहरी के मुकाबले में 24 फीसदी थी लेकिन चौथे पांच साला प्लान के खत्म होने के बाद एक देहाती की खर्च करने की क्षमता आज सिफ 17 फीसदी रह गई है। इस तरीके से आमदनी घटती आ रही है और किसान को कोई उम्मीद नजर नही आती है कि एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री जिस मकसद के लिए काम कर रही है पिछले इतने सालो से, वह क्या पूरा होगा।

डिप्टी स्पीकर साहब, जहां तक रूरल डवलपमेंट का ताल्लुक है, मुझे यह कहते हुए शर्म आती है कि देहाती को अब भी घटिया दर्जे का शहरी समझा जाता है। इन्होंने जो महकमे बनाए हैं, कम्युनिटी डवलपमेंट को ले लीजिए जिसको किसान से गहरा ताल्लुक है, कोआपरेटिव डिपार्टमेंट को ले लीजिए, अगर मुझ से पूछा जाए तो यह भ्रष्टाचार के सब से बड़े अड्डे हैं। कम्युनिटी डवलपमेंट के महकमें में, कोआपरेटिव डिपार्टमेंट में और लैण्ड मोरगेज बैंक में बहुत भ्रष्टाचार है और मैं आप को चन्द एक मिसालें देता हूं।

मेरे हल्के के अन्दर एक लैण्ड मोरगेज बैंक में पिछले साल एक जीप नई खरीदी गई। पिछले एक साल मे इस बैंक के मैनेजिंग डाइरेक्टर ने 20 हजार रुपया तो इस की मरम्मत पर खर्च कर दिया और 20 हजार रुपया पेट्रोल पर फूक दिया। मेरे हल्के में एक दूसरे लैण्ड मोरगेज बैंक का मैनेजिंग डाइरेक्टर भी इसी तरह से पालिटीकल पेट्रोनेज से बना हुआ है उसने अपने ड्राइवर के नाम बैंक की जमीन सस्ती बेच कर उस पर अपनी पाच लाख की कोठी बना ली है। और वहां पर सब से गन्दा अनसर जो देहाती जिन्दगी का है, उस को बैठा दिया है और इन्स्पेक्टर के

[श्री वीरेन्द्र सिंह राव]

जरिए, कोआपरेटिव सोसाइटीज के जरिए सारा पैसा लूट कर वहां खाया जाता है ।

डिप्टी स्पीकर साहब, मैं शिन्दे साहब से अर्ज करूंगा कि वे सबसे पुराने किसान हैं और उन को काफ़ी तजुर्बा है लेकिन ये अपना मुंह खोलते हुए डरते हैं। उनका तजुर्बा देश के पिछड़े किसानों के लिए और देश के लिए काम में नहीं आता है। उन को अच्छी तरह से मालूम है कि आज किसानों के साथ क्या सलूक हो रहा है। एग्रीकल्चर प्राइसेस कमीशन किसानों की पैदावार हड़प करने के लिए एक एप्रोप्रियेशन कमीशन बना हुआ है और इन का फूड डिपार्टमेंट सिर्फ एक लूट का डिपार्टमेंट है। जिस तरह से किसानों की पैदावार की कीमत मुकरर की जाती है, उस में कोई हिसाब-किताब नहीं देखा जाता है कि कितना पैसा किसान का खर्च हो रहा है। किसान से अनाज, रूई, गन्ना सस्ता लेकर व्यापारी और कारखानेदार बेहद फाइदा उठाते है। तब कीमत पर कोई कट्रोल नही होता। पिछले साल से कीमतें बहुत तेजी से बढ़ी हैं। फर्टिलाइजर का बैग पचास रुपये में मिला करता था अब सौ रुपये में मिलता है। ट्रैक्टर के टायरों और ट्यूब्ज के ऊपर कोई कण्ट्रोल नही है। हालत यह है कि दिल्ली में आज ट्रैक्टर की ट्यूब लेने के लिए अगर हरियाणा, पंजाब या वेस्टर्न यू० पी० का कोई किसान आता है तो जिस ट्यूब की कंट्रोल कीमत सवा दो सौ रुपये है, उसको साढ़े सात सौ में खुले बाजार में मिलती है। ट्रैक्टर का टायर भी किसान को लेना होता है। टायर फैक्ट्री से वह बारह सौ रुपये का निकलता है लेकिन 2500 रुपये में आम उसकी बिक्री हो रही है। इसके ऊपर कोई चैक नहीं है। डीजल किसान को नहीं मिलता है। जब फसल इकट्ठी की जाती है तो लोगों को अनाज निकालने के लिए पावर नहीं मिलती है, डीजल नहीं मिलता है। बहुत से लोग तो इस कारण से खुदकशी करके मर गए हैं। पंजाब में ऐसे केसिस हुए हैं कि डीजल की खातिर लोगों ने अपने आपको हलाक कर लिया है। इस तरह से तो खेती बाड़ी की तरक्की नहीं हो सकती है। सब से जरूरी चीज यह है कि किसान की जो जरूरियात हैं उनका आप ध्यान रखें, व उनको मुहैया हों और आसानी से साथ तथा वाजिब कीमतों पर मुहैया हों। खेती के लिए इण्डस्ट्री के बराबर बिजली तकसीम की जाये।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि शहरी और देहाती इलाके के लोगों के अन्दर कोई फर्क नही होना चाहिए। आज हालत यह है कि देहातों में चीनी आप एक आदमी को दो सौ ग्राम देते हैं लेकिन शहरों में एक आदमी को आप चार सौ ग्राम देते हैं। इतना फर्क आपने देहाती और शहरी जिन्दगी में बना रखा है। यह आपका अपना आइटम है, इसके लिए फूड मिनिस्ट्री जिम्मेदार है। आप कह सकते हैं कि कपड़े की आपकी जिम्मेदारी नही है। लेकिन उसकी भी हालत यह है कि एक किसान के खानदान को देहात में छ. महीने में कोई कपड़ा सिर्फ दस मीटर मिलता है राशन कार्ड पर जबकि शहरों के अन्दर और छोटे से छोटे कसबा में हर महीने दस मीटर ले सकते है ....

एक माननीय सदस्य : बीस मीटर।

श्री वीरेन्द्र सिंह राव : जरूर मिलता होगा। लेकिन मुझे तो हरियाणा का तजुर्बा है और वही [illegible] रहा हूं। दिल्ली में हर महीने दस मीटर [illegible] है। किसान को क्या कपड़े की जरूरत नहीं पड़ती है, क्या वह मेहनत नहीं करता है, क्या उसके कपड़े जल्दी फटते नहीं हैं? इस तरह का फर्क आपने बना रखा है।

मिट्टी का तेल किसान को नहीं मिलता है। शहरों में मिलता है राशन कार्डों पर। देहातों में नहीं मिलता है। शूगर और कपड़े में फर्क कर रखा है। सिमेंट का एक

बैंक अगर किसान को अपने कुएं या ट्यूबवेल की मरम्मत के लिए लेना होता है तो वह उसको ब्लैक मार्केट में पचास रुपये से कम में नहीं मिलता है। इनके कम्युनिटी डिवलपमेंट के महकमे के जो अफसर हैं उनका इसके सिवाय और कोई काम नहीं है कि वजीर साहब आएं तो वे दरियां बिछा दें, इलेक्शन के अन्दर उनको वोट दिलाने का बन्दोवस्त कर दें . . . . . . . . . .

एक माननीय सदस्य : फूल मालाएं भी लाते हैं।

श्री वीरेन्द्र सिंह राव : वे भी लाते हैं। स्माल सेविंग्ज स्कीम के लिए पैसा भी इकट्ठा करते हैं। लोगों को परेशान भी करते हैं। अगर रूलिंग पार्टी को वोट नहीं मिलते हैं तो सरपंच को सस्पेंड किया जाता है, झूठी रिपोर्ट करके उनको ससपेंड कर दिया जाता है, उनके खिलाफ इनक्वारियां होती हैं। इतना ही नहीं कि किसानों को नसबन्दी भी वही कराते है। अगर किसी किसान के लड़के को चपड़ासी बनना होता है, चपड़ासी की नौकरी लेनी होती है और वह कम्युनिटी डिवलेपमेंट डिपार्टमेंट में या कोआप्रटिव डिपार्टमेंट में जाता है तो उसको कहा जाता है पहले एक केस नसबन्दी के लिए लाओ तब तुमको चपड़ासी भरती किया जाएगा। मैं वसूक के साथ कह रहा हूं और मैं चैलेंज करता हूं कि यह गलत बयानी नहीं है। अगर किसी को टैम्पोरेरी रखा जाता है पानी पिलाने के लिए या चपड़ासी के तौर पर तो उसको तब तक पक्का नहीं किया जाता है जब तक वह दो केसिस नसबन्दी के लिए दे नहीं देता है। इस तरह से काम आपके चल रहे हैं। नसबन्दी भी किसान की हो रही है। आप इस महकमे के वजीर हैं। मैं कहूंगा कि पहले हमारे वुजरा साहिबान तो अपनी नसबन्दी कराएं ताकि लोगों के सामने एक मिसाल पेश हो सके . . . . . .

श्री एम० एम० बनर्जी : इनके नस ही नहीं है।

श्री वीरेन्द्र सिंह राव : आप देखें कि कितना भारी बोझ किसान के ऊपर है। सारे देश के लिए खुराक मुहैया करने की जिम्मेदारी उस की है। हमारे देश की आबादी भी बहुत तेजी से बढ़ रही है। एक नया पंजाब या एक नया हरियाणा हर साल में पैदा हो रहा है। 1947 से 1971 तक के पीरियड में हमारी आबादी 22 करोड़ बढ़ी है यानी एक नया रूस हिन्दुस्तान में और पैदा हो गया है, रूस की आबादी के बराबर आबादी इन 24 सालों में बढ़ गई है। अगर किसान की देखभाल नहीं होगी, तो देश को खिलाने वाला कोई नहीं मिलेगा। खेती करने वालों की तादाद घटती जा रही है। लोग यह पेशा छोड़ कर भाग रहे हैं।

आप कम्युनिटी डिवलेपमेंट और कोआप्रेटिव डिपार्टमेंट को सम्भालें, उनके अन्दर से भ्रष्टाचार को दूर करें। एग्रिकल्चर मिनिस्ट्री के ऊपर जो पैसा बढ़ा कर आप खर्च करना चाहते हैं और लोगों को खुश करना चाहते हैं वह सब बरबाद होता है, जो पैसा आपने इस साल के लिए मांगा है वह पूरा खर्च होगा या नहीं कुछ पता नहीं है। पिछले

[श्री वीरेन्द्र सिंह राव]

साल की बात मैं बताता हूं। 310 करोड़ पिछले साल प्लान एलोकेशन था। एक कलम से इसको 260 करोड़ कर दिया गया काट कर। 50 करोड़ रुपया एग्रिकलचरल मिनिस्ट्री का पिछले प्लान में आपने कम कर दिया था। मैं उम्मीद करता हूं कि इस साल आप ठीक तरीके से रुपया इस्तेमाल करेंगे। और जियादा जोर खेती के लिए पानी के बन्दोबस्त पर देंगे।

पैस्टीसाइड्ज और उनको छिड़कने के लिए जो हवाई जहाज लिए जाते हैं उनके बारे में अब मैं कहना चाहता हूं। प्राइवेट फर्म्ज से एयरोप्लेन ले कर आप स्प्रेइंग करते हैं पैस्टीसाइड्ज का। वे पानी छिड़क कर चले जाते हैं। चौदह रुपये एक एकड़ के ऊपर आप उनको देते हैं। झूठ सर्टिफिकेट ले लिए जाते हैं। आपके अपने जो प्लेन हैं वे खड़े के खड़े रह जाते हैं। इस तरह करोड़ों रुपये का गोलमाल प्रांतो मे होता है।

मै मानता हू कि जमीन की तक्सीम होनी चाहिए। लेकिन सिर्फ देहाती सम्पत्ति के ऊपर सीलिंग हो और शहरी जायदाद के ऊपर सीलिंग की बात न की जाए तो यह फर्क चलने वाला नही है। जब तक शहरी आयदाद के ऊपर भी सीलिंग लगाने के उद्देश्य से कोई कानून बनाया नहीं जाता है तब तक देहाती जायदाद के ऊपर सीलिंग की बात भी आप न करें। शहरी जायदाद मे हर एक हिस्सेदार होता है यहां तक कि पेट के अन्दर बच्चा भी। लेकिन जमीन पर बच्चों का हक नहीं। यह इंटरनेशनल विमेंज यीअर है। क्या इन्होंने औरतो के हक की हिफाजत अपने सीलिंग कानून में की है। इसका वे मुझे जवाब दें। किसान अपनी लड़की को जमीन इनके कनून के मुताबिक नही दे सकता है। किसान से सम्बन्धित जितने कानून हैं उनको आपने 9वें शैड्यूल में रख दिया है। एक भी कानून जो शहरी जायदाद से वाबस्ता है उसको आपने इस शैड्यूल में नहीं रखा है। देहाती इलाकों से सम्बन्धित सारे जितने सेंटर और स्टेट्स के कानून हैं उनको आपने नौवें शैड्यूल में रख कर वहां के लोगों के हक मार दिए हैं। एक शहरी मिल मालिक की मिल करोड़ों की हो सकती है लेकिन उसको कोई वेल्थ टैक्स नहीं देना पड़ता है, कोई प्रापर्टी टैक्स नहीं देना पड़ता है लेकिन वहां एक देहाती आदमी को एक मकान की इजाजत दी है जो कि एक लाख रुपये से ज्यादा का न हो और अगर वह एक लाख से ज्यादा का होता है तो उस पर वैल्थ टैक्स लगता है। यह इमतयाज नही चलेगा। किसान की लड़की अपने बाप की जमीन नही ले सकती है। किसान का नाबालिग बच्चा आज अपने बाप की जमीन मे हिस्सा नही ले सकता है। किसान की बड़ी बेटी को जिसकी शादी न हुई हो वह अपने बाप की जायदाद मे हिस्सा आपके लैण्ड सीलिंग लाज के हिसाब से नही ले सकती है। सिर्फ बेटे के लिए है जब कि शहरो मे हर एक के लिए इजाजत है। किसान अपने लड़के की बेवा को नही दे सकता है। मैं कहना चाहता हूं कि जिस तरह के कानून आप देहातो के लिए बनाते हैं उसी तरह के कानून आप शहरो के लिए भी बनाएं। वर्ना लोग इसको बरदाश्त नही करेंगे। बहुत जल्द नारा लगने वाला है कि अगर देहात की आमदनी के ऊपर सीलिंग लग रही है, खेती के पेशे के ऊपर पाबन्दी आयद हो रही है, जायदाद की तकसीम के ऊपर पाबन्दी आयद है तो शहरों मे भी ऐसा होना चाहिए। शहरों में भी एक खानदान के पास एक मकान और एक दूकान के अलावा और कुछ न हो। अगर यह नही होता है तो इसके खिलाफ आन्दोलन होगा और दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता आदि जितने बड़ बड़े शहर हैं वहां देहातों के लोग आकर इन जायदादों को घेर लेंगे, उनकी लिस्टें बना लेंगे, उनके अन्दर आबाद हो जाएंगे। इस तरह की चीज आपने पैदा करनी है तो बेशक करें, बेशक इमतयाज रखें।

जमीन का जो फ्रेगमेंटेशन हो रहा है, जो उसके टुकड़े टुकड़े हो रहे हैं इसको भी आप रोकें। जिस कुनबे के पास आज 18 एकड़ जमीन आप छोड़ रहे है दो चार साल मे उस मे एक एक शख्स के पास दो दो एकड़ और एक एक एकड़ रह जाएगी और आपका प्लान खत्म होने तक शायद आधा एकड़ जमीन भी न रहे। उस सूरत मे कैसे उस पर काश्त करके किसान बढती आबादी को कैसे अनाज खिला सकेगा यह भी सोचने की बात है।

14 hrs.

श्री मुहम्मद जमीलुर्रहमान (किशनगंज). मोहतरिम डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आप का शुक्रगुजार हू कि आपने मुझे मिनिस्ट्री आफ एग्रीकल्चर की डिमांडस पर बोलने का मौका इनायत फरमाया है। अगर मैं फिगर्स की बात करूं तो न आप इतना वक्त देंगे और न मेरे पास इतने फिगर्स है। मैं देहात से आता हूं, देहात की जो कठिनाई है, देहात की जो मुसीबत है, किसानो के साथ जो मुश्किलात हैं, उनको मैं आपके जरिये सरकार के सामने रखना चाहता हूं।

यह बिल्कुल तय और यकीनन बात है कि हिन्दुस्तान की आबादी के 85 फीसदी लोग गाव में रहते है और हिन्दुस्तान की मुआशी हालत के लिए हिन्दुस्तान का बनना, हिन्दुस्तान के लोगो का जिन्दगी बसर करना, देहात के लोगो की पैदावार पर मुन्हस्सर है। खेती के सिलसिले मे जिसकी डिमांड्स आपके सामने पेश हैं, देखना यह चाहिए कि किसान को कितना सुभीता और कितनी फैसिलीटीज मिलनी चाहिए और अब तक इसके बारे मे क्या कदम उठाये जा चुके हैं।

खेती का इस मुल्क की इकनामिक कंडीशन को सुधारने मे बहुत बड़ा हाथ है बल्कि मैं तो कहूंगा कि सिर्फ इसी का हाथ है। इसके लिए 4, 5 चीजों की सख्त जरूरत है, जो मैं आपके सामने पेश करना चाहता हूं।

एक तो यह कि पानी का पूरा इन्तजाम हो, चाहे नहर के जरिये या इलैक्ट्रिसिटी गांव मे पहुंचा कर बोरिंग की फैसिलिटी से हो। दूसरे सुखाड पर पूरा कब्जा व काबू होना चाहिए। देखना यह चाहिए कि हम ऐसे कौन से कदम उठा सकते हैं जिससे हम सुखाड पर कब्जा पा सकते हैं। तीसरे बाढ पर कब्जा होना चाहिए। चौथे, जहा पानी जमा होता है, याने वाटर लागिंग की प्राबलम है, उसकी कैसे निकासी हो। सबसे अहम चीज है किसान को बीज और खाद का देना।

जहा तक पानी के इन्तजाम का सवाल है, बडी नाउमीदी हुई है। माना कि हर प्रान्त मे कुछ न कुछ प्रोजैक्ट्स बने हैं, हर प्रान्त मे कुछ न कुछ नहर खुदी हैं लेकिन सही माना मे देखा जाये कि अब तक गाव मे कितनी विलेज चैनल बना कर किसानो को पानी मिल सका है। मेरे प्रान्त मे अभी तक ऐसा नही हो पाया है। कोसी प्रोजेक्ट पर सैकडो करोड रुपया खर्च हो चुका है लेकिन अभी तक उसका कम्पलीशन नही हो पाया है, गाव मे चैनल्स के बनने का सवाल ही पैदा नही होता। जहा कही बनी भी हैं वहा भी पानी टेल एण्ड तक नही पहुचता है। इसकी शिकायत मैं इस हाउस मे भी कर रहा हू और प्रान्तीय सरकार के लोगो को भी करता हू कि ऐसा इन्तजाम करें कि गांव में विलेज चैनल्स बना कर किसानो को पानी मिल सके। क्योकि आप बिजली नही दे पाते हैं। अगर बिजली मिले तो वे लोग बोरिंग कर के पानी निकाल ले, लेकिन वह भी नहीं हो पाता है। सबसे पहला काम यह है कि विलेज चैनल बना कर गाव मे किसानो को पानी पहुचाया जाये। अगर यह नहीं कर सकते तो इलैक्ट्रीसिटी गावों मे पहुंचाई जाये ताकि किसान बोरिंग से पानी निकालकर खेतो मे दे सके। जिससे मुल्क की पैदावार बढ सके और हम लोगों को मुआशी हालत ठीक हो सके।

[श्री मुहम्मद जमीलुर्रहमान]

सुखाड़ के बारे में मैंने पिछले साल भी कहा था कि भारत इतना बड़ा मुल्क है कि इसके किसी हिस्से में अगर फ्लड आता है तो दूसरे हिस्से में सुखाड़ आ जाता है। इसलिए इसके लिए एक सुखाड बोर्ड होना चाहिए जो जिला-वाइज और जिला लेवल पर होना चाहिए। उस आर्गेनाइजेशन को चाहे बोर्ड कहिए, या कमेटी कहिए लेकिन उस बोर्ड के हाथ में खर्च करने के लिए अलग से फंड्स होने चाहिए ताकि लोकल मुश्किलात को फौरन मीट कर सके और सूखाड पर कब्जा पाया जा सके, उस पर कदम उठा सके। वरना यह होगा कि मेरी कास्टीट्यूएन्सी किशनगंज से फायल चलेगा, कटिहार में रुकेगा, फिर पटना मे रुकेगा और फिर मुगलसराय मे रुकेगा और दिल्ली आते आते लोगों की आधी जान सुखाड से खत्म हो जायेगी। मेरा सुझाव है कि इस पर जिला-वाइज बोर्ड बनना चाहिए, फण्डज का एलाटमेंट उसके कब्जे मे होना चाहिए ताकि जितना रैड-टेपिज्म का मामला है वह न हो पाये और फौरीतौर पर किसी हल्के मे कोई बात होती हो तो उसको वहीं मीट किया जा सके।

बाढ़ को रोकने के लिए हर साल बहस होती है, हर साल इस पार्लियामेंट मे सारे लोग बोलते हैं। मुझे इस सिलसिले मे एक शेर याद आ गया —

असर उसको जरा नहीं होता।
रजोराहत फिजा नहीं होता।।

यह भी कहा जा सकता है कि मर्ज बढ़ता गया ज्यों-ज्यो दवा की।

भारत इतना बड़ा मुल्क है कि किसी न किसी इलाके में बाढ आती ही रहती है। पिछले 27, 28 बरस में क्या हो पाया है यह देखना चाहिए। जब बाढ़ आती है तो यहां से टीम चलती है। यहां से चल कर वह लखनऊ, गोरखपुर और सोनपुर रुकते रुकते पहुंचती है। उसके पहुंचते पहुंचते बाढ़ का मसला भी खत्म हो जाता है और टीम की वापसी दिल्ली को हो जाती है। इस बारे में एक योजना होनी चाहिए।

इस साल नार्थ बिहार में अन-प्रीसीडैंटेड फ्लड हुआ, आपने अखबारों मे देखा होगा। लाखों लोग बेघर हो गये, नार्थ बिहार पूरा फ्लड की जद में रहा। फ्लड तो बराबर आता रहा लेकिन उसको रोकने के लिए क्या स्टैप लिये गये हैं ?

मेरे किशनगंज के इलाके में 5–6 नदियां पड़ती हैं जिनके नाम हैं—महानन्दा, पनार या परवान, मेछी, कनकई, डोंक और बकरा। मेरी गुजारिश है कि एक बैरज बनाया जाय जिससे यह होगा कि इलैक्ट्रिसिटी भी मिलेगी, पानी पर कट्रोल भी होगा, बाढ भी नहीं आयेगी और लोगो की फसल भी बचेगी।

अभी जब कि पार्लियामेंट 10, 12 दिन के लिए बन्द हुई थी तो मैं अपने हल्के मे गया था तो मैंने देखा कि देहटी गाव, पलासी थाने मे हमारा एक हिस्सा है जो नेपाल से लगा है उस जिले मे बकरा नदी ने सारे हिस्से को तबाह कर दिया है। 10 हजार एकड जमीन खत्म हो गई है। उस गांव का नाम है तीरह ग्यारदह यह प्लासी थाने मे है। यही नदी आगे आ कर परवान नदी मे मिली है और इसने आगे अररिया वगैरह कई जगहों पर हजारों एकड जमीन को बरबाद कर दिया है। लैटरल रोड पर अररिया के पास करीब 70 लाख रुपया खर्च करके एक ब्रिज बनाया गया है। वह सड़क सिलीगुड़ी जाती है, आसाम जाती है। उसके दक्षिण में जाइये, वहां 20 हजार एकड जमीन में बाढ़ के कारण लाखों मन फसल का नुकसान हुआ है। तो कुछ तो बांध बांधने का इंतजाम फौरन किया जाना चाहिए जिससे किसानों की जान बच सके और जो लोग पैदावार करते हैं वह उनके घर आ सके और देश में जो गुरबत है वह दूर हो सके, किसान खुशी से रह सके।

आखिर में मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि मिनिस्ट्री आफ एग्रीकल्चर और मिनिस्ट्री आफ इरिगेशन में को-आर्डिनेशन तो होना चाहिए। मैं श्री केदारनाथ सिंह जी को इस बात की दावत देता हू कि वह चल कर देखें कि पिछले साल की बाढ़ में किसानो की क्या हालत हो गई है। पानी की निकासी का भी इन्तेजाम होना चाहिए। वाटर लागिंग से फसल को नुकसान होता है। डिपार्टमेंट्स कागज पर तो जरूर बने हैं जिनमें हमारे कुछ दोस्त भी एम्प्लायड हैं। लेकिन देखना यह है कि जमीन पर कितना काम हो रहा है।

बीज और खाद का मसला भी निहायत संगीन है। यह दोनो चीजें किसान को वक्त पर मिल जायें तो यह एक बड़ी बात होगी। इससे मुल्क की पैदावार बढ़ेगी, आप दूसरे मुल्क से गल्ला इम्पोर्ट नही करेंगे। जो 400, 500 करोड रुपया गल्ला इम्पोर्ट करने पर खर्च होता है यह पैसा बचेगा और इससे दूसरे तरक्की के काम हो सकेंगे। गरीबों के मसले उससे हल होते, मुल्क की गुरबत दूर होती। अगर हम किसानों को वक्त पर खाद नही दे सकते, बीज नही दे सकते, पानी नही दे सकते तो इतने बडे डिपार्टमेंट की, होस्ट आफ पीपल की क्या जरूरत है तो फिर इस काम को खुदा पर छोड़ दीजिए। लेकिन सवाल यह है कि अगर इतना बड़ा डिपार्टमेंट यह काम नही कर सकता है, तो यह बहुत हैरानी की बात है। मेरी गुजारिश है कि सरकार को इस सिलसिले में ध्यान देना चाहिए।

व्हीट की कीमत 105 रुपये फी-क्विंटल मुकर्रर की गई है। मैं पहले व्हीट नहीं पैदा करता था, लेकिन पिछले दो साल से उस को पैदा करना शुरू कर दिया। उस की वजह यह है कि जूट की हालत बहुत खराब है, जिस के शिकार आप, डिप्टी स्पीकर साहब, भी हैं और आइ ग्रीब भी है। अब मैंने उस को पैदा करना छोड़ दिया है। गेहूं के खर्च का यह आलम है कि 105 रुपये फ़ी क्विंटल में तो वह पड़ता नहीं खाता है। मेरी गुजारिश है कि उस की कीमत कम से कम 125 रुपये फ़ी क्विंटल होनी चाहिए।

किसानो को मार्केटिंग फ़ैसिलिटीज मिलनी चाहिए। आर० ई० ओ० के तहत कोसी डिविजन में दस ग्यारह रोड्ज बन रही हैं। जो रोड बनी है, उस की हालत यह है कि अगर हमारे देहात के दस बीस किसान ज़ोर से उस पर दौड़ जायें, तो वह जरूर टूट जायगी। कुछ सड़क बनी है, कुछ कच्ची है और कुछ नामुकम्मल है। मैं इस बारे में बरसो से आप के विभाग को खत लिखता रहा हूं। कम्युनिटी डेवेलपमेंट डिपार्टमेंट में लाल साहब सड़को के इनचार्ज हैं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please do not bring in any individual.

श्री मुहम्मद जमीलुर्रहमान: जब श्री शेरसिंह मिनिस्टर थे, मैं तब से इस बारे में खतो-किताबत कर रहा हू। मेरी दरख्वास्त यह है कि इन सड़को के लिए कम से कम कालीम पचास लाख रुपया दिया जाये, ताकि उन को मजबूत बनाया जा सके और उनकी लाइफ पंद्रह बरस तो हो। वे सड़कें देहात मे आती हैं। उन के जरिये किसानों को अपना माल नीयरेस्ट मार्केटिंग प्लेस तक ले जाने और अच्छी कीमत हासिल करने में मदद मिलेगी।

कानसालिडेशन आफ़ होल्डिंग्ज के काम को फोरी तोर पर लेना चाहिए। राव साहब चले गये हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि आप ने देहात में सीलिंग कर दिया है, लेकिन आप शहरो में सीलिंग लागू करने से क्यो घबरा रहे है। क्या इस लिए कि पूरे ब्लैक मनी का जमघट शहरों में है? आप ने देहात में सीलिंग कर दिया, लेकिन शहरों की जायदाद की सीलिंग का क्या होगा?

[श्री मुहम्मद जमीलुर्रहमान]

पीने के पानी का इन्तजाम करना निहायत जरूरी है। यह बहुत अफसोस और शर्म की बात है कि मुल्क को आजाद हुए 27, 28 साल हो गये हैं, लेकिन हम अभी तक ग़रीबों को पीने के लिए पानी नही दे पाये हैं।

मैं चाहता हू कि केदार साहब इस बात को ग़ौर मे सुने। बनारस से आसाम तक एक सडक जाती है, जो बाध की शक्ल में है। उस का नाम है डुमरा बाध। वह नेपाल से चार पाच मील दक्षिण में हो कर जाती है। वह सडक आ बजा टूट चुकी है। 25, 30 लाख रुपया देने से वह सडक तमाम गांवो को कवर करते हुए आसाम से बनारस तक 200 मील के एक लिंक का काम देगी। उस पर अर्थवर्क करा दिया जाये और जहा जहा जरूरत हो, वहा पुल, कलवर्ट बना दिये जाये।

[شری محمد جمیل الرحمان]

( کشن گنج ) : محترم ڈپٹی سپیکر صاحب میں آپ کا شکر گذار ہوں کہ آپ نے مجھے منسٹری آف ایگریکلچر کی ڈمانڈز پر بولنے کا موقع عنایت فرمایا ہے - اگر میں فگرز کی بات کروں تو نہ آپ اتنا وقت دینگے اور نہ میرے پاس اتنے فگرز ہیں - میں دیہات سے آتا ہوں، دیہات کی جو کنگالی ہے، دیہات کی جو مصیبت ہے، کسانوں کے ساتھ جو مشکلات ہیں، ان کو میں آپ کے ذریعے سرکار کے سامنے رکھنا چاہتا ہوں -

یہ بالکل طے اور یقیناً بات ہے کہ ہندوستان کی آبادی کے 85 فیصدی لوگ گاؤں میں رہتے ہیں اور ہندوستان کی معاشی حالت کا بقاء ہندوستان کے لوگوں کا زندگی بسر کرنا، دیہات کے لوگوں کی پیداوار پر منحصر ہے - کھیتی کے سلسلے میں جس کی ڈمانڈز آپ کے سامنے پیش ہیں دیکھنا یہ چاہئے کہ کسان کی کتنی سودھا اور کتنی فیسلیٹیز ملنی چاہئیں اور اب تک اس کے بارے میں کیا قدم اٹھائے جا چکے ہیں -

کھیتی کا اس ملک کی اکنامک کنڈیشن کو سدھارنے میں بہت بڑا ہاتھ ہے بلکہ میں تو کہونگا کہ صرف اسی کا ہاتھ ہے - اس کے لئے 4، 5 چیزوں کی سخت ضرورت ہے جو میں آپکے سامنے پیش کرنا چاہتا ہوں -

ایک یہ کہ پانی کا پورا انتظام ہو، چاہے نہر کے ذریعے یا بجلی گاؤں میں پہنچا کر بورنگ کی سہولیت سے ہو - دوسرے سرکار پر پورا قبضہ و قابو ہونا چاہئے - دیکھنا یہ چاہئے کہ ہم ایسے کون سے قدم اٹھا سکتے ہیں جن سے ہم سرکار پر قبضہ پا سکتے ہیں - تیسرے باڑھ پر قبضہ ہونا چاہئے - چوتھے، جہاں پانی جمع ہوتا ہے، یعنی واٹر لاگنگ کی پرابلم ہے، اسکی کیسے نکاسی ہو - سب سے اہم چیز ہے کسان کو بیج اور کھاد کا دینا ۔

جہاں تک پانی کے انتظام کا سوال ہے ، بڑی نااُمیدی ہوئی ہے - مانا کہ ہر صوبہ میں کچھ نہ کچھ پراجیکٹس بنے ہیں ، ہر پرانت میں کچھ نہ کچھ نہر کھدی ہیں لیکن صحیح معنوں میں دیکھا جائے کہ اب تک گاؤں میں کتنی ولز چینل بنا کر کسانوں کو پانی مل سکا ہے - میرے صوبہ میں ابھی تک ایسا نہیں ہو پایا ہے - کوسی پراجیکٹ پر سینکڑوں کروڑ روپیہ خرچ ہو چکا ہے لیکن ابھی تک اُس کا کمپلیشن نہیں ہو پایا ہے ، گاؤں میں چینلس کے بننے کا سوال ہی پیدا نہیں ہوتا - جہاں کہیں بنی بھی ہیں وہاں بھی پانی ٹیل اینڈ تک نہیں پہنچتا ہے - اسکی شکایت میں اس ہاؤس میں بھی کر رہا ہوں اور پرانتیہ سرکار کے لوگوں کو بھی کرتا ہوں کہ ایسا انتظام کریں کہ گاؤں میں ولز چینلس بنا کر کسانوں کو پانی مل سکے - کیونکہ آپ بجلی نہیں دے پائے ہیں - اگر بجلی ملے تو وہ لوگ بورنگ کرکے پانی نکال لیں ، لیکن وہ بھی نہیں ہو پاتا ہے - سب سے پہلے کام یہ ہے کہ ویلز چینل بنا کر گاؤں میں کسانوں کو پانی پہنچایا جائے - اگر یہ نہیں کر سکتے تو الیکٹری سٹی گاؤں میں پہنچائی جائے تاکہ کسان بورنگ سے پانی نکال کر کھیتوں میں دے سکیں جس سے ملک کی پیداوار بڑھ سکے اور ہم لوگوں کی معاشی حالت ٹھیک ہو سکے -

سکھاڑ کے بارے میں میں نے پچھلے سال بھی کہا تھا کہ بھارت اتنا بڑا ملک ہے کہ اسکے کسی حصے میں اگر فلڈ آتا ہے تو دوسرے حصے میں سکھاڑ آ جاتا ہے - اسلئے اِسکے لئے ایک سکھاڑ بورڈ ہونا چاہئیے جو ضلع وائز اور ضلع لیول پر ہونا چاہئیے- اُس آرگینائیزیشن کو چاہے بورڈ کہیئے ، یا کمیٹی کہیئے لیکن اُس بورڈ کے ہاتھ میں خرچ کرنے کے لئے الگ سے فنڈز ہونے چاہئیں تاکہ لوکل مشکلات کو فوراً میٹ کر سکے اور سکھاڑ پر قبضہ پایا جا سکے، اُس پر قدم اُٹھا سکے - ورنہ یہ ہوگا کہ میری کانسٹی ٹیوینسی کشن گنج ہے کوئی فائل چلے گا کاٹیہار میں رکے گا پھر پٹنہ میں رکے گا اور پھر مغل سرائے میں رکے گا اور دلی آتے آتے لوگوں کی آدھی جان سکھاڑ سے نکل کرختم ہو جائیگی - میرا سجھاؤ ہے کہ اُس پر ضلع وائیز بورڈ بننا چاہئیے ، فنڈ کے ایلاٹمینٹ اُسکے قبضے میں ہونا چاہئیے تاکہ جتنا ریڈٹیپیزم کا معاملہ ہے وہ نہ ہو پائے اور فوری طور پر کسی حلقے میں کوئی بات ہوتی ہو تو اُسکو وہیں میٹ کیا جا سکے -

باڑھ کو روکنے کے لئے ہر سال بحث ہوتی ہے، ہر سال اِس پارلیمینٹ میں سارے لوگ بولتے ہیں - مجھے اس سلسلے میں ایک شعر یاد آ گیا-

اثر اُسکو ذرا نہیں ہوتا ،
رنج و راحت فضا نہیں ہوتا -

[قاضی محمد جمیل الرحمان]

یہ بھی کہا جا سکتا ہے کہ مرض بڑھتا گیا جوں جوں دوا کی - ہمارا اتنا بڑا ملک ہے کہ کسی نہ کسی علاقے میں باڑھ آتی ہی رہتی ہے - پچھلے 27 28 برس میں کیا ہو رہا ہے - یہ دیکھنا چاہئے - جب باڑھ آتی ہے تو یہاں سے ٹیم چلتی ہے - یہاں سے چل کر وہ لکھنؤ گورکھپور اور سون پور وغیرہ رکتے پہنچتی ہے - اسکے پہنچتے پہنچتے باڑھ کا مسئلہ بھی ختم ہو جاتا ہے - اور ٹیم کی واپسی دلی کی ہو جاتی ہے - اس بارے میں ایک مکمل یوجنا ہونی چاہئے-

اس سال [نارتھ] بہار میں ایمرجنسی فلڈ ہوا، آپ نے اخباروں میں دیکھا ہوگا - لاکھوں لوگ بے گھر ہو گئے - نارتھ بہار پورا فلڈ کی زد میں رہا - فلڈ تو برابر آتا رہا لیکن اس کے روکنے کے لئے کیا ٹھوس قدم یا سٹیپ لئے گئے ہیں؟

میرے کشن گنج کے علاقے میں 5 6 ندیاں پڑتی ہیں جنکے نام ہیں مہانندا، پنار یا پروان، سپھنی، کنکائی ڈونگ اور بکرا- میری گذارش ہے کہ ان ندیوں پر بند بنایا جائے جس سے یہ ہوگا کہ الیکٹرسٹی بھی ملے گی پانی پر کنٹرول بھی ہوگا - باڑھ بھی رک جائیگی اور لوگوں کی فصل بھی بچے گی -

ابھی جب کہ پارلیمنٹ میں بارہ دن کے لئے بند ہوئی تھی تو میں اپنے حلقے میں گیا تھا تو میں نے دیکھا کہ ٹھیکی گاؤں پلاسی تھانے میں جو ہمارے حلقے کا ایک حصہ ہے جو نیپال سے لگا ہے اس حصے اور اس ضلع میں بکرا ندی نے سارے حصے کو تباہ کر دیا ہے قریب دس ہزار ایکڑ زمین ختم ہو گئی ہے - اس گاؤں کا نام ہے تھرواکھار وہ یہ پلاسی تھانے میں ہے - بکرا ندی نے اس گاؤں کے ۲۵ ہزار ایکڑ زمین میں بالو ہی بالو بھر دیئے ہیں، اور اس نے آگے دوسرے گاؤں کو کئی کئی جگہوں پر ہزاروں ایکڑ زمین کو برباد کر دیا ہے - لیکن روز پر اورپا کے پاس قریب 70 لاکھ روپیہ خرچ کر کے ایک برج پنار پر بنایا گیا ہے - یہ سڑک سلی گڑی جاتی ہے آسام جاتی ہے - اس کے دکشن میں جائیے - پنار ندی کی وجہ سے وہاں بیس ہزار ایکڑ زمین میں باڑھ، بالو کے کارن لاکھوں من فصل کا نقصان ہوا ہے - تو کچھ تو باندھ باندھنے کا انتظام فوراً کیا جانا چاہئے جس سے کسانوں کی جان و فصل بچ سکے اور جو لوگ پیداوار کرتے ہیں وہ بچے کچھ آ سکے اور وہ دیکھیں جن جو قرضہ ہے وہ ادا ہو سکے، کسان خوشی سے رہ سکے -

آخر میں میں یہ عرض کرنا چاہتا ہوں کہ منسٹری آف ایگریکلچر اور منسٹری آف اریگیشن میں کوآرڈی نیشن تو ہونا چاہئے - میں شری کیدار ناتھ سنگھ جی کو اس بات کی دعوت دیتا ہوں کہ وہ چل کر دیکھیں کہ پچھلے سال کی باڑھ میں کسانوں کی کیا حالت ہو گئی ہے - پانی کی نکاسی کا بھی انتظام ہونا چاہئے - واٹر لاگنگ سے فصل کو نقصان ہوتا ہے - ڈیپارٹمنٹس کاغذ پر تو صرف بڑے ہیں جن میں ہمارے کچھ دوست بھی امپلائیڈ ہیں - لیکن دیکھنا یہ ہے کہ زمین پر کتنا کام ہو رہا ہے -

بیج اور کھاد کا مسئلہ بھی نہایت سنگین ہے - یہ دونوں چیزیں کسانوں کو وقت پر مل جائیں تو یہ ایک بڑی بات ہو گی - اس سے ملک کی پیداوار بڑھے گی - آپ دوسرے ملک سے غلہ امپورٹ نہیں کرینگے - جو چار سو پانچ سو کروڑ روپیہ غلہ امپورٹ کرنے پر خرچ ہوتا ہے یہ پیسہ بچے گا اور اس سے دوسرے ترقی کے کام ہونگے - غریبوں کے مسئلے اس سے حل ہوتے ہوتے، ملک کی غریبی دور ہوگی - اگر ہم کسانوں کو وقت پر کھاد نہیں دے سکتے، بیج نہیں دے سکتے، پانی نہیں دے سکتے تو اتنے بڑے ڈپارٹمنٹ کی، ہوسٹ آف پیپل کی کیا ضرورت ہے؟ تو پھر اس کام کو خدا پر چھوڑ دیجئے - لیکن سوال یہ ہے کہ اگر اتنا بڑا ڈپارٹمنٹ یہ کام نہیں کر سکتا ہے تو یہ بہت حیرانی کی بات ہے - میری گزارش ہے کہ سرکار کو اس سلسلے میں پورا دھیان دینا چاہئے -

وھیٹ کی قیمت 105 روپئے فی کوئنٹل مقرر کی گئی ہے - میں پہلے وھیٹ نہیں پیدا کرتا تھا، لیکن پچھلے دو سال سے اسکو پیدا کرنا شروع کر دیا ہے - اسکی وجہ یہ ہے کہ حالت بہت خراب ہے، جس کے شکار آپ ڈپٹی سپیکر صاحب بھی ہیں - اور یہ غریب بھی ہیں : اب میں نے اسکو پیدا کرنا چھوڑ دیا ہے - گیہوں کے خرچ کا یہ عالم ہے کہ 105 روپئے فی کوئنٹل میں تو وہ [پڑتا] نہیں کھاتا ہے - میری گزارش ہے کہ اس کی قیمت کم سے کم 125 روپئے فی کوئنٹل ہونی چاہئے -

کسانوں کو مارکیٹنگ فیسیلیٹیز ملنی چاہئیں (R.E.O) کے تحت کوسی ڈویژن میں دس گیارہ سڑکیں بن رہی ہیں - جو روز بنی ہے اسکی حالت یہ ہے کہ اگر ہمارے دیہات کے دس بیس کسان

[شری محمد جمیل الرحمان]

زور سے اس پر دوڑ جائیں تو وہ ضرور ٹوٹ جائیگی - کچھ سڑک بن رہی ہے ، کچھ کچی ہے اور کچھ نامکمل ہے - میں اس بارے میں برسوں سے آپکے وبھاگ کو خط لکھتا رہا ہوں - کمیونیٹی ڈولپمینٹ ڈپارٹمینٹ میں لال صاحب سڑکوں کے انچارج ہیں -

MR DEPUTY-SPEAKER: Please do not bring in any individual.

شری محمد جمیل الرحمان -

جب شری شیرسنگھ منسٹر تھے میں تب سے اس بارے میں خط و کتابت کر رہا ہوں - میری درخواست یہ ہے کہ ان سڑکوں کے لئے کم سے کم چالیس پچاس لاکھ روپیہ اور دیا جائے تاکہ انکو مضبوط بنایا جا سکے اور انکی لائف پندرہ برس تو ہو - وہ سڑکیں دیہات سے آتی ہیں - ان کے ذریعے کسانوں کو اپنا مال نزدیک تر مارکٹنگ پلیس تک لے جانے اور اچھی قیمت حاصل کرنے میں مدد ملے گی -

کنسولیڈیشن آف ہولڈنگز کے کام کو فوری طور پر لینا چاہئیے - راو صاحب چلے گئے ہیں - میں پوچھنا چاہتا ہوں کہ آپ نے دیہات میں سیلنگ کر دیا ہے ، لیکن آپ شہروں میں سیلنگ لاگو کرنے سے گھبرا کیوں رہے ہیں - کیا اس لئے کہ پورے بلیک منی کا جھمگٹ شہروں میں ہے ؟ - آپ نے دیہات میں سیلنگ کر دیا لیکن شہروں کی جائیداد کی سیلنگ کا کیا ہو گا ؟

پینے کے پانی کا انتظام کرنا نہایت ضروری ہے - یہ بہت افسوس اور شرم کی بات ہے کہ ملک کو آزاد ہوئے 27، 28 سال ہو گئے ہیں، لیکن ہم ابھی تک غریبوں کو پینے کے لئے پانی نہیں دے پائے ہیں -

میں چاہتا ہوں کہ کیدار صاحب اس بات کو غور سے سنیں - بنارس سے آسام تک ایک سڑک جاتی ہے جو باندھ کی شکل میں ہے - اس کا نام ہے قمرا باندھ - وہ بھوپال سے چار پانچ میل دکشن میں ہو کر جاتی ہے - وہ سڑک جا بجا ٹوٹ چکی ہے - 25، 30 لاکھ روپیہ دینے سے وہ سڑک تمام گاوں کو کور کرتے ہوئے آسام سے بنارس تک 200 میل کے ایک لنک کا کام دیگی - اس پر ارتھ ورک کرا دیا جائے اور جہاں جہاں ضرورت ہو وہاں پل کلورٹ بنا دیئے جائیں - تو بہت بڑا مسئلہ حل ہو جائیگا اور کسانوں کو راحت ملیگی -

श्री भोगेन्द्र झा (जयनगर) : उपाध्यक्ष महोदय, जब हम कृषि मंत्रालय की मांगों पर विचार कर रहे हैं तो एक तरफ़ सरकार का ग़लत दावा और दूसरी तरफ़ उस गलत दावे को बुनियाद बना कर कुछ माननीय सदस्यों द्वारा उस पर चोट ये दोनों बातें बेतुकी लगती हैं। आजादी के बाद हम सब इस बात को मानते आये हैं खास तौर से शासक दल तो इस को मानता ही आया है कि देश में भूमि-सुधार होने चाहिए. खुद जोत की खेती को बढ़ावा देना चाहिए. जो खुद श्रम करते हैं. जमीन की मिल्कियत उन को देनी चाहिए।

इस के लिए कानून के जरिये प्रयास शुरू हुआ। जब तेलंगाना में किसान क्रान्ति हुई. तो 20 लाख एकड़ जमीन का बंटवारा हुआ। उस के बाद विनोबा भावे ने भी बड़े भूस्वामियों को समझा कर जमीन का बंटवारा शुरू किया। शहरी और देहाती सम्पत्ति में विभेद करने का सवाल नहीं है। कुछ ही हाथों में खेतों की ज्यादा तादाद रहने से हमारे समाज में लगातार हजारों सालों से एक जकड़ आ गई है। जो ज्यादा जमीन के मालिक बन बैठे हैं उन में शायद ही कोई होगा जिस ने ईमानदारी और मेहनत से जमीन प्राप्त की हो। यह सम्भव ही नहीं है कि सौ या हजार एकड़ जमीन वाले ने अपनी जमीन ईमानदारी से इकट्ठी की हो। बग़ैर बेईमानी, फ़रेबी या जबर्दस्ती के इतनी जमीन इकट्ठी नहीं हो सकती है। यह हो सकता है कि ये तरीके आज नहीं बल्कि कुछ पीढ़ी पहले इस्तेमाल किये गये हों।

इस तरह जो जमीन इकट्ठी की गई हैं, उस के बूते पर हमारे देश में सामाजिक अत्याचार, जात-पांत के अत्याचार और छुआ-छूत के अत्याचार होते रहे हैं, और आज भी हो रहे हैं। जिस के पास ज्यादा जमीन है, सूदखोरी भी वही करता है। आज हिन्दुस्तान में एक भी ऐसा गांव नहीं है, जहां महाजनी कानून लागू होता है, और उस को गांवों में तोड़ने वाले आम तौर पर वही हैं, जिन के पास ज्यादा जमीन है। इसी तरह वही लोग गल्लाचोर भी हैं। वे ज्यादा गल्ला इकट्ठा कर लेते हैं, पैदावार के समय उसको नहीं बेचते हैं, बल्कि चार छः, आठ महीने के बाद बेचते हैं। जिन के पास ज्यादा जमीन है, वें गल्लाचोर भी हैं, सामाजिक अत्याचार करने वाले भी हैं और सूदखोर भी हैं। और अब जनतंत्र को कुंठित करने के लिए बूथों पर कब्जा करने वाले भी वही हैं —वे हरिजनों और अन्य ग़रीब लोगों को ताकत से बूथों पर नहीं जाने देते हैं।

इस से भी बड़ा खतरा यह है कि जिन के हाथ में ज्यादा जमीन है, वे खुद खेती करने की तरफ़ नहीं जा रहे हैं। वे अपने लड़कों को हाकिम, मिनिस्टर, एम० पी० और एम० एल० ए० बनायेंगे। वे खुद खेती नहीं करेंगे, और ग़ैरहाजिरी की खेती करेंगे। (व्यवधान) बहुत से एम० पी० ऐसे हैं।

एक माननीय सदस्य : आप तो बेजमीन हैं, आप कैसे एम० पी० हो गये ?

श्री भोगेन्द्र झा : यह उन का दुर्भाग्य है, जिन के पास ज्यादा जमीन है।

जो ग़ैरहाजिरी की खेती करते हैं, बीज उन के खा गये मैनेजर और मजदूर खा गये सिपाही। इस तरह उपज मारी गई। इसी लिए गेहूं और बाजरे आदि के लिए हम को अमरीका और सोवियत संघ के पास जाना पड़ता है। इसीलिए हमारे जो उद्योग हैं कभी उन के लिए गन्ने की कमी है, कभी कपास की कमी है और कभी तिलहन की कमी है। बढ़ते हुए कारखानों के लिए कच्चे माल की कमी हो रही है। कारखाने जो माल पैदा करते हैं, उन की बिक्री भी होनी चाहिए।

[श्री भोगेन्द्र झा]

जो लोग चाहते हैं कि कुछ लोग सौ और हजार एकड़ वाले रहें, मैं उन से पूछना चाहता हूं कि क्या सारे देश का कपड़ा वही पहन लेंगे, और बाकी का देश नंगा रहेगा। बढ़ते हुए कारखानों के लिए बाजार भी चाहिए, इन-टर्नल मार्केट भी चाहिए, और देश की बहु-संख्यक जनता की क्रय-शक्ति भी होनी चाहिए।

इस लिए यह आवश्यक है कि जमीन का बंटवारा जोतने वालों के बीच हो। सरकार यह ऐलान और वादा करती आई है कि वह यह काम करेगी और इसीलिए जनता का समर्थन उन को मिला। शासक दल की तरफ से कहा गया कि इस को 1974 तक लागू किया जायगा आज 1975 है। वार्षिक प्रतिवेदन हमारे सामने मौजूद है। उस के मुताबिक बहुत ही शर्मनाक हालत है। उस के मुताबिक 17 राज्यों में हदबन्दी कानूनों का संशोधन हुआ है। मगर जहां तक लागू करने का सवाल है, सरकार को उम्मीद था कि इन कानूनों के जरिये हम 45 लाख एकड़ जमीन हासिल करेंगे। लेकिन अभी तक केवल 3,24 हजार रिटर्न दाखिल किए गये हैं। हम जानते हैं कि बड़े बड़े भूस्वामियों में एक एक ने दस दस रिटर्न दिये हैं चोरी-छिपे से।

अभी एक मित्र कह रहे थे कि बेटी को देने का हक नहीं है, लेकिन उस के नाम दिखाया जाता है। हमें मालूम है कि गैर-मौजूद आदमियों के नाम से फर्जी की गई है, ऐसे आदमी के नाम से फर्जी की गई है जिस को इस बात का पता भी नहीं है। देश में बड़ी जमीनों वाले हजारों चुनका ही होंगे, जिन्होंने जाली फर्जी नहीं की होगी। 3,24 हजार रिटर्न दिये गये हैं। उन में से भी केवल 26 हजार का अभी तक फैसला हो सका है और सिर्फ 2 लाख 16 हजार एकड़ जमीन फाजिल घोषित की गई है। उस में से भी सिर्फ 62 हजार एकड़ सरकार का दावा है कि हम ने अपने कब्जे में लिया है कागज पर जिस में से सिर्फ 20 हजार एकड़ जमीन का बंटवारा हुआ है। तो जहां 45 लाख एकड़ जमीन मिलने की उम्मीद है वहां सिर्फ 20 हजार एकड़ का बंटवारा हुआ है और ये जमींदार इधर के हों या उधर के हों चिल्ल-पों कर रहे हैं कि यह कानून लागू हो रहा है। इस की मूल वजह क्या है? मूल वजह यह है कि खुद शासक दल के भीतर बड़े बड़े भूस्वामी घुस कर चले आये हैं और प्रशासन में हाकिमों का एक बड़ा हिस्सा ऐसा है जो जानता नहीं है कि कितने गहरे पानी में अरहर की खेती होती है और कितनी ऊंची जमीन पर धान की खेती होती है, वह इस के मालिक बने हुए हैं। जुडिशियरी है, जज हैं वह तो जैसे बड़े बड़े जमींदारों की ही कचहरियां है और उनका अपना मामला यह है। इस का नतीजा यह है देश भर ने जो इस प्रतिवेदन में दिया हुआ है कि हमारे कानूनों से प्रभावित पक्षों को आपत्ति उठाने विभिन्न निर्णयों के विरुद्ध अपील करने और उन पर फिर से विचार करवाने के लिए अवसर देने की व्यवस्था है। अतः कार्यान्वयन का गति धीमी पड़ा है। इस की वजह से कार्य में उल्लेखनीय प्रगति नहीं हो सकी है। फिर भी लगभग 24300 हेक्टर फालतू जमीन राज्यों के अधिकार में आ गई है और 7300 हेक्टर से अधिक भूमि इन श्रेणियों के व्यक्तियों में बांटी जा चुकी है। कुछ राज्य विशेषकर गुजरात, पंजाब, हरयाना, उड़ीसा में कानूनों को न्यायालय में चुनौती देने के फल-स्वरूप कार्यान्वयन संबंधी कार्य को काफी धक्का लगा है। क्या ऐसी बात है? आप ने हर स्टेज पर जो रिवीजन और अपील करने के लिए मौका दिया है क्यों उस की जरूरत है? जानबूझकर यह मौका आप ने दिया है ताकि यह कानून लागू न हों जिस में हर चुनाव के मौके पर गरीब किसानों और खेत

मजदूरों से झूठे वादे कर दें और उस के बाद वे झगड़े लगा कर इस का हम बटवारा न होने दें।

देश की गाड़ी को अगर आगे बढ़ाना है उत्पादन बढ़ाना है अन्दरूनी क्रयशक्ति बढ़ा कर बाजार को फैलाना है, जनतंत्र की हिफाजत करनी है और सामाजिक अत्याचार को मिटाना नहीं तो कम से कम कम करना है तो अनिवार्य है कि जो भी हदबन्दी कानून हमने पारित किया है उस को लागू करें और मैं आशा करूंगा कि सरकार अभी इस विषय पर यह एलान करेगी कि इस साल 1975 के अन्त तक वह इस को लागू करने जा रही है। वह कभी लागू नहीं होगा जब तक कि कोर्ट का जुरिस्डिक्शन पूरी तरह से बाहर न कर दिया जाय क्योंकि जमींदारों का बड़ा हिमायती उन का बड़ा गढ़ है न्यायालय जहां पर फीस ले कर झूठ का वकालत करना वकीलों का पेशा है (व्यवधान) मैं नहीं रहूंगा। नहीं रहूंगा। जो पैसा देगा उस को वकालत करेगा। कोई वकील एलान नहीं करता है कि मैं झूठी वकालत नहीं करूंगा। (व्यवधान) यह पेशा ही ऐसा है। जब तक न्यायालय के सामने को आप रोक नहीं देते हैं और जरिये लोकप्रिय कमेटियों के जरिए जैसे कि केरल में हुआ है वैसे ही वह काम नहीं कराते हैं तब तक यह नहीं हो पाएगा। लोकप्रिय कमेटियों का यह कानूनी अधिकार आप दें कि वह इन हदबन्दी कानूनों को लागू करा सकें। जब तक ऐसा नहीं करेंगे तब तक यह कानून लागू नहीं होगा। तो यह तरमीम सभी राज्यों के कानूनों में करा कर वह अध्यादेश के जरिए हो विधेयक के जरिए हो, जैसे भी हो करा कर इस साल के अन्त तक इस कार्य को पूरा किया जाए। इस के अलावा मैं जिस बात पर जोर देना चाहूंगा वह है अन्नोत्पादन का मामला। यह जमीन का बंटवारा हो जाय, जोतने वालों को जमीन मिल जाय उस के बाद अन्नोत्पादन की वृद्धि करना सब से आवश्यक कार्य हो जाता है और तभी यह सम्भव भी होगा। जो सरकारी आंकड़े हैं उन के अनुसार 51 से लेकर 71 तक अन्न की पैदावार दूने से ज्यादा हो गई है। वह पैदावार 55 मिलियन से बढ़ कर 108 मिलियन तक हो गई। बीच में कुछ कमी बढ़ती होती रही। फिर घटनी शुरू हो गई। 97 14 मिलियन टन हो गई। क्यों ऐसा हुआ कि इस का मूल आधार जो था, भूमि, जोतने वालों के हाथ में देनी थी, वह हम नहीं कर सके और न सिंचाई का पूरा इंतजाम कर सके। इसलिये बारिश होने पर, नहीं होने पर बाढ़ आने पर, नहीं आने पर हमारी उपज आगे पीछे रहती है। अन्न की पैदावार स्थायी आधार पर बढ़े इस के लिए यह भी जरूरी है कि जो भी हम ने अभी तक अन्नोत्पादन का कार्य किया है भूमि सुधार के बाद उस के लिए हम कुछ ऐसे कदम उठाएं जिस से कि अन्न की पैदावार भी बढ़े साथ साथ अन्न आम तौर से सरकारी जरिए से बटवारे के लिए उपलब्ध भी हो सके और इस अन्न की उपलब्धि के लिए आवाज उठी है कि अन्न की कीमत ज्यादा होना चाहिए। अगर कारखाने के मालिकों की कीमत रखी जाय कपड़े की कीमत देखी जाय चीनी की कीमत देखी जाए तो अन्न की कीमत बढ़ाने की मांग नाजायज नहीं है। लेकिन सवाल यह उठता है कि अगर सब की कीमत बढ़ता जाय और रुपये की कीमत घटती जाय तो देश की क्या हालत होगी? इसलिए मेरा आग्रह यह होगा कि सरकार को अन्न की वसूली के लिए अभी भी खुलकर के, तजुर्बे से सीख कर के हिम्मत करनी चाहिए और हिम्मत यह करनी चाहिए, इन्होंने एलान किया था कि तीसरे साल थोक व्यापार हम अपने हाथ में ले लेंगे। हमने कहा था कि यह आपका रास्ता गलत है। आप नहीं ले सकेंगे। नतीजा यह हुआ कि आपने गांव के थोक व्यापारियों को आजाद कर दिया, गांव के भूमि चोरों को ज्यादा गल्ला रखने के लिए आजाद छोड़ दिया, शहर के गल्ला चोर अपना गल्ला छिपा करके दुगुने दाम पर बेचने लगे। नतीजा हुआ कि आपकी वह नीति नाकामयाब हो गई और इस साल फिर क्या किया है? सब के

[श्री भोगेन्द्र झा]

ज्यादा अन्न का भण्डार पंजाब और हरियाणा में है। वहां पर 105 रुपये गेहूं लेने के लिए आप बाजार में गये। आजकल बाजार में कौन जाता है गेहूं बेचने के लिए? वह जायेगा जिसको दो महीने के बाद खरीद कर खाना पड़ेगा, मगर आज नमक के लिए, कपड़े के लिए, दवा के लिए बेचना ही है। तो जो डिस्ट्रेस सेल वाला तबका है उसका गल्ला 105 रुपये में आप खरीद रहे हैं। जो बड़ा तबका है वह अपना गल्ला रोक कर रखे हुए है। वह 4–6 महीने बाद ज्यादा कीमत पर बेचेगा। यह खुली लूट आप करवा रहे हैं। जो बड़े गल्ला चोर है मुफ्तखोर है, उनको आजाद छोड़ा हुआ है और जो आम आदमी मजबूरी से बेचेंगे उनसे आप कम कीमत पर ले रहे हैं। इसलिए आप गल्ला वसूली की ऐसी नीति बनायें जो देश के हित में हो, साथ साथ आम लोग के हित में भी हो और इसके लिए आवश्यक है कि गरीब और मझले किसानों को पूरी तरह से आप लैवी से सारे देश के अन्दर मुक्त करें। पंजाब, हरियाणा तथा सारे देश के जो मझले किसान से ऊपर के तबके के लोग हैं और वे भू-स्वामी हैं उनका सब गल्ला ग्रेडड लैवी के जरिये ले लें, पूरा मार्केटेबल सरप्लस लैवी में ले लें। उसकी लैवी की कीमत 105 रखिये हमें ऐतराज नहीं है लेकिन बाकी जो डिस्ट्रैस सेल वाले तबके से प्रोक्योरमेंट हो उसकी कीमत 125 रुपये दे दी जाय यह मुनासिब बात होगी। इसलिए ड्युएल प्राइस की जरुरत है लैवी में, जिससे कि महनत करने वाले लुटें नही और लुटेरों को आप छूट न दे पायें।

इसी के साथ इसमें और भी जो सवाल है, मैं एक मिसाल देना चाहता हूं, पांच साल से मैं कोशिश कर रहा हूं, राजस्थान के गंगानगर जिले में कलवन्तराय वर्मा नाम के एक किसान हैं, बहुत औसत किसान हैं, पांच किस्म का गेहूं के बारह 1, 2, 3, 4, 5- उन्होंने खुद अपने से ईजाद किया। 65 क्विंटल पर हैक्टेयर में गेहूं की पैदावार उससे होती है। मैं आज यहीं लाना चाह रहा था। एक दाने से 55 पौधा पैदा हुआ है और एक कट्ठे में पाव भर गेहूं का बीज लगता है। मेरे यहां भी आ कर वह नुमायश के लिए दिखा गये थे। पांच साल से मैं कोशिश कर रहा हूं और आप के कृषि विभाग का जवाब मिलता है कि वह गेहूं बहुत बड़ा होता है इसलिए हम लोग उस को मंजूर नहीं कर रहे हैं। यानी दाना ज्यादा होता है, भूसा भी ज्यादा हो जाता है, यह उसका कसूर है। जितना भी पूसा इंस्टीट्यूट ने रिसर्च किया है देश में, एक भी गेहूं कि किस्म उसकी टक्कर की नहीं है। क्योंकि यहां इजाजत नहीं है लाने की, इसलिए मैं नहीं लाया हूं। इजाजत देगें तो मैं अभी दौड़कर लाऊंगा। एक दाने से 55 पौधा होना यह मामूली बात नहीं है।

श्री यमुना प्रसाद मण्डल (समस्तीपुर): मैंने देखा है उसको।

श्री भोगेन्द्र झा : जो लोग वहां गये होंगे उन्होने देखा होगा। तो ऐसी स्थिति आप उसको क्यों दबा रहे हैं। क्या बात है? क्या आप समझते हैं कि जो दिखा रहे हैं पूसा फार्म मे वह सब बरबाद हो जायगा? वह कुछ नहीं मांगता है सिवाय इसके कि इसको आप देश में प्रसारित करे और ज्यादा लोग इससे फायदा उठायें।

ऐसे ही अन्नोत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए उसी के साथ और जो इनपुटस हैं—पानी का सवाल है खाद है कर्जा है उसकी व्यवस्था भी आप करें। कर्जे के मामले में जो सरकार दवा करती है कि हमने कर्जा दिया है वह बहुत ही नगण्य है। देश के किसान सूदखोरों के चंगूल में हैं। वह लूट रहे हैं। सरकार का कानूनी सूद की दर 12–15 रुपये सैकड़ा तक है, जबकि दरअसल में सूद की जो दर वह लेते हैं उसको सुन कर दिमाग चर्रा जाता है। अभी एक खबर अखबार में निकली है जिसमें एक सूदखोर ने 120 रुपय के लिए दो साल के बाद

1728 रुपया लिया है सूद—मूल मिला कर। यह 7 अप्रैल के टाइम्स आफ इंडिया में निकला है। इस प्रकार से सूदखोरी चल रही है। क्या इन सूदखोरों को जेल में देने की ताकत आपके पास है या नहीं? हम यह जानते हैं कि सूदखोरों से आपको पैसा भी चाहिए मगर मैं पूछना चाहता हूं कि सूदखोरी के सम्बंध में कानून को लागू करने के लिए तथा गैर कानूनी महाजन जो सूदखोरी करते हैं उनको जेल में देने के लिए कहां ताकत सरकार में है या नहीं, या सरकार पूरी तरह से पंगु है इस मामले में? उसे सहयोग समिति के द्वारा कर्जा दिलाने का प्रयत्न होना चाहिए। इस में सन्देह नहीं है कि क़र्जे का विस्तार हुआ है, लेकिन वह नगन्य है। विभिन्न राज्यों की स्थिति सरकारी प्रतिवेदन के मुताबिक स्पष्ट है—एक हेक्टेअर पर 135 रुपया पड़ती है। हरियाणा में 109 रुपया, पंजाब में 101 रुपया, तामिलनाडु में 115 रुपया, बिहार में 11 रुपया, आसाम में 4 रुपया, मनिपुर में 1 रुपया। अधिक से अधिक 115 रुपया और कम से कम 1 रुपया—क्या इतना फर्क मुनासिब है—सरकारी क़र्जा लेने के मामले में। देश में जो हिंसा की भावना फैल रही हैं, असंतोष की ज्वाला फूट रही है और जो उपद्रव होते हैं, इसी पृष्टभूमि में यहां इस को देखना चाहिए। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि पंजाब और हरियाणा को क्यों ज्यादा दे रहे हैं, मेरी दृष्टि में तो यह भी नाकाफी है, और ज्यादा देना चाहिए, लेकिन जहां 135 और एक का फर्क है—यह अत्याचार मालूम पड़ता है। मैं चाहूंगा कि क़र्जे के साधन बढ़ाये जाएं, यह पैसे की कमी मामला नहीं है और कोआपरेटिव्स के जरिये, सहयोग समितियों के जरिये गरीब लोगों को क़र्जे का लाभ पहुंचाया जाए। आज अमीर लोग क़र्जे का ज्यादा लाभ उठा रहे हैं, गरीबों को इस का बिलकुल लाभ नहीं मिल रहा है।

मेरे एक प्रश्न के उत्तर में आया था कि खेत मजदूरों और अमीरों के लिए अलग अलग सहयोग समितियां बनाने जा रहे हैं। मैं चाहता हूं मार्जिनल, लैण्डलेस फार्मर्स के लिए जल्द से जल्द अलग सहयोग समिति बनायें। ये अमीर लोग अधिक से अधिक क़र्जा आसान सूद पर ले लेते हैं और फिर गरीब लोगों को गैरकानूनी सूद पर देते हैं। इस को देखने की जरुरत है।

जो बिना खेतीवाले किसान हैं, खेत मजदूर हैं, बटाई दार हैं, गरीब किसान हैं, इन लोगों के लिए प्रिफरेन्शल रेट आफ इन्टेरेस्ट पर क़र्जा देने का ऐलान हुआ था और कहा गया था कि इन को 4 रुपया सैंकड़ा पर कर्जा देंगे। मालूम पड़ता है कि कृषि मंत्रालय इस की आवश्यकता किसानों के लिए नहीं समझता है। नतीजा यह हो रहा है कि अब जो बैंक दर हो गई है किसानों के लिए उस दर पर रुपया लेना अब आसान नहीं है। इस लिए मेरा अनुरोध है कि प्रिफरेन्सल रेट आफ इन्टेरेस्ट को योजना को आप शीघ्र लागू करें और सारे देश के बे-जमीन और गरीब खेत मजदूरों के लिए लागू करें।

उपाध्यक्ष महोदय, कृषि के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश में अभी यह तय हुआ हैं, बल्कि वहां कानून बन गया है कि एक एकड़ से जो कम जमीन वाले किसान हैं, उन के ऊपर जो सूदखोरों का कर्जा है, वे उस से मुक्त मान लिए जायेंगे। इस कानून को सारे देश के लिए क्यों लागू नहीं किया जाता? आज स्थिति यह है कि पुश्त-दर-पुश्त से क़र्जदार चले आ रहे हैं, किसी ने 10 रुपये कर्ज लिए थे, अब तक उस से 500 वसूल हो गये, लेकिन अभी भी 700 रुपये बाकी हैं। वे आज भी उन सूदखोरों के गुलाम चले आ रहे हैं। अर्धगुलामी का रिवाज अभी भी गांवों में चला आ रहा है। इस लिए जो यू० पी० में हुआ है उस को सारे देश के लिए लागू करें।

अब मैं गन्ना के सम्बन्ध में कुछ कहना चाहता हूं? पिछले सत्र में यह खबर आई थी—

[श्री भोगेन्द्र झा]

अखबारों में—हिन्दुस्तान के चीनी मिल मालिकों की एसोसिशन के अध्यक्ष ने कहा था कि खाद्य मंत्री श्री जगजीवन राम जी से उन की बात हुई थी और अगले हफ्ते लेवी चीनी का दाम बढ़ जाएगा । जब मैंने यह सवाल यहाँ उठाया तो श्री जगजीवन राम जी की ओर से जवाब आया कि उन की कोई बात नहीं हुई है और उन्होंने ऐसा कोई आश्वासन नहीं दिया है। इस्मा के चेयरमैन ने भी खण्डन करने से इंकार कर दिया और उस के बाद उन के सैक्रेटरी की तरफ से एक पत्र दिला कर कहा गया कि हम से ऐसा बयान नहीं दिया था । लेकिन दूसरी तरफ आप लेवी चीनी को 70 परसैंन्ट से घटा कर 65 पर ला रहे हैं । इस तरह से आप करोड़ों रुपया चीनी मिल मालिकों को दे देंगे । मैं तो यह चाहता हूं कि चीनी का पूरा व्यापार सरकार अपने हाथ में ले । चीनी मिलों के राष्ट्रीकरण के लिये इस सदन के 285 संसद सदस्यों ने लिख कर आप को आवेदन दिया था । 285 सदस्य इस लोक सभा के बहुमत सदस्य हैं, क्या चीनी मिल मालिक उन से भी ज्यादा महत्वपूर्ण हैं । उत्तर प्रदेश की विधान सभा ने भी ऐसी ही मांग की थी, बिहार की विधान सभा ने इस सम्बन्ध में एक सर्व सम्मत प्रस्ताव पास किया था — कि इन चीनी मिलों का राष्ट्रीयकरण किया जाय, फिर भी सरकार ने कुछ नहीं किया । ऐसा जाहिर होता है कि वोट के लिये चोरी का पैसा लेने के लिये आप नहीं कर रहे हैं । इस लिये मैं आप से कहना चाहता हूं कि इस से पहले कि कोई बड़ा जन-आन्दोलन उठे, आप इस सवाल को पहले ही हल करें ।

अभी मंत्री जी हमारे उत्तर बिहार में हो कर आये हैं । अभी जमीलुर्रहमान साहब ने कहा है — हमारे उत्तर बिहार में बस बाढ़ की बाढ़ से समुद्र जैसा दृश्य पैदा गया है । इस का कारण क्या है ? अगल-बगल जो तटबन्ध बनाये गये थे सब नाकाम सिद्ध हुए हैं । हिमालय से जो नदियां आती हैं—कोसी, गण्डक, ब्रह्मपुत्र, कमला, बागमति;—इन के दोनों तरफ तटबन्ध देने से पानी दोनों तरफ चला आता है, वे तटबन्ध कायम रहते हैं लेकिन समूचा इलाका डूब जाता है । इस लिये सिचाई सहयोगी बाढ़ नियन्त्रण, और सहयोगी बिजली उत्पादन इन तीनों को मिला कर मल्टी-परपज डैम बनाने की जरूरत है । 1959 में कोठार के पास सप्तकोसी पर डैम बनाने के लिये छानबीन हुई थी मगर बाद में उसे छोड़ दिया गया । मेरी इस सबन्ध में टैकनीशियन लोगो से बात हुई थी, वे सभी ऐसा समझते हैं कि वह व्यावहारिक योजना है और उस से लाभ होगा । इस के हो जाने से विद्युत की कमी का सवाल उत्तर भारत में अभी हाल में लगभग खत्म हो जायगा । मैं चाहता हू कि कोई मंत्री वहां चलें मैं उनको ले जा कर दिखाऊं—आप अपने वाटर बोर्ड के कुछ विशेषज्ञों को वहां लेकर चलें और उन को दिखलायें । इस योजना से न केवल बाढ़ और सूखा की समस्या हल होगी, बल्कि उस से भी ज्यादा विद्युत की कमी का सवाल हल हो जायगा ।

यह समस्या पूरे उत्तर भारत में है—पंजाब के व्यास डैम से शुरू होती है और ब्रह्मपुत्र तक इस की आवश्यकता है—इस पूरे क्षेत्र में मल्टी-परपज डैम बनाये जावें ।

राजस्थान, पश्चिमी कोसी और गण्डक नहरें बहुत दिनों से लटकी हुई हैं । राजस्थान सरकार पैसा मांग रही है लेकिन पैसे की कमी के नाम पर पैसा नहीं दिया जा रहा है । एक तरफ कागज के नोट खर्च कर के पैदावार बढ़ाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन इस काम को सरकार नहीं कर पा रही है और अमरीका से बाजरा और सोवियत रूस से गेहूं मंगाने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है ।

भूमि सुधार के मामले में, जमीन के बटवारे के मामले में, यदि सरकार ने शीघ्र कदम न उठाया तो मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं—देश के खेत मजदूर और गरीब किसान 25 जून से 7 जुलाई के बीच हदबन्दी से फाजिल जमीन पर कब्जा करेंगे और बेजमीनों में जमीन का बटवारा करेंगे। तब सरकार चाहे तो उन का साथ दे या उन पर गोली चलाये। आज लोगो का विश्वास सरकार पर नही रहा है, लोगो के अन्दर यह आशका फैलती जा रही है कि यह सरकार बडे भू-स्वामियो के हाथ मे खेल रही है।

श्री गेंदा सिंह (पडरौना) उपाध्यक्ष महोदय, मैं माफी चाहूगा—मै बैठ कर बोलने की इजाजत चाहता हू। मुझे बोलने मे थोडा ज्यादा समय लगता है, इस लिए आप से अनुराध है कि आप ध्यान रखे कि पूरी बात कह सकू।

MR DEPUTY-SPEAKER For that, you should contact the Chief Whip,

श्री गेंदा सिंह चीफ व्हिप ना मुझ पर बडे महरबान हैं—मैं समझता हू कि उन को कोई आपत्ति नही होगी।

पहली बात तो मैं यह कहना चाहता हूं .......

श्री भोगेन्द्र झा गेंदा बाबू, चीनी के बारे में जरूर कहिए।

श्री गेंदा सिंह हां, वह तो कहूगा। भोगेन्द्र झा जी ने भी चीनी के बारे में कहा है।

मैं कह रहा था कि इस समय भारत सरकार की 22 यूनीवर्सिटियां चल रही हैं। इन 22 यूनीवर्सिटियो से शिक्षा का प्रसार कैसे किया जाता है यह ध्यान देने की बात है। इस सब में एक आदमी भी आजमा चाहें तो जरा मुश्किल से मिलता है, जिस का खेती से सरोकार हो। आज हर मामले में आइ० ए० एस० को ही एक्सपर्ट माना जाता है। मैं आई० ए० एस० से बहुत उबा हुआ आदमी नही हू—डी० पी० सिंह भी आइ०ए० एस० थे, शिवारमन और रधावा भी आई० ए० एस० थे। कुछ और आई० ए० एस० भी अभी पन्तनगर यूनीवर्सिटी मे बैठ हुए हैं। मैं आप्न सरकार से कहना चाहता हू—आइ० ए० एस० को भेजते समय थोडा ध्यान रखे कि उन का खेती मे भी कुछ सरोकार है या नही। जिन्होंने जीवन भर खतवालो को तग किया हो, उन की हत्या की हो, उन्हे वहा भेज कर खेतवालो का काम नही बन सकता। श्रीमन् एक जमाना था, उस जमाने मे बटे हाथ जोड कर माग कर मैं डी० पी० सिंह को पन्तनगर ले गया था। जब वह वहा थे तो पन्तनगर की एक प्रतिष्ठा बढी अब आप ने वहा एक उच्च आई० ए० एस० अधिकारी को भेजा है, जो कि कमिश्नर के रैंक का है। मेरा जातीतजुर्बा है कि उन को भेज कर के आप पन्त नगर यूनिवर्सिटी को कहा ले जाना चाहते हैं। जब तक मुझे प्रत्यक्ष तजुर्बा न हो मैं कोई बात नही कहता, सारी यूनिवर्सिटियो की चर्चा करता हू कि उन के लिए आप का जरा गौर से आदमी चुनना चाहिए। कृषि विभाग के तीनो मत्री जी यहा बैठ हुए हैं, वह जरा सोचें कि आज देश मे खेतीबारी की हवा की जरूरत है। अगर खेतीबारी की हवा बन सकी तब देश की शक्ल ही बदल जाएगी। भूख से पीडित होने वाली बात अगर न हो तो यहा एक दूसरा ही जमाना होगा। आप जरा पन्त नगर मे जा कर क्यो नही देखते। ? वहा पहले एक राजा वाइस-चासलर था और एक साहब बाद में आये, इन दोनो के बीच में श्री डी० पी० सिंह वहा के वाइस-चासलर रहे। मैंन जिक्र किया श्री शिवरमन का, श्री रन्धावा का। ऐसे व्यक्ति और भी है, लेकिन मुझे सब के नाम याद नही हैं। नाम लेना जरूरी हो गया क्यो कि व्यक्ति ही खेती करता है, उसी से

[श्री गेंदा सिंह]

खेती हो सकती है। अगर यह बात न होती तो क्यों आप ने पंजाब से श्री फलकाट को बुलाकर यहां सैक्रेटरी बनाया ? इस लिए मेरा निवेदन है कि जो खेती बारी में अनुभवी आदमी हैं ऐसे आदमियों को आप कम से कम 5 साल का अवसर दीजिये फिर देखिये कि हमारे देश की कृषि बढ़ती है या नहीं।

कृषि शिक्षा के बारे में मेरा निवेदन है कि यू०पी० में सबसे ज्यादा एग्रीकल्चर स्कूल हैं जितने कि भारत के किसी कोने में नहीं होंगे। लेकिन यू०पी० की ही उपज सारे देश में सब से कम है। इन ऐग्रीकल्चर स्कूलों में क्या पढ़ाया जाता है मुझे उस का अनुभव है मैंने स्वयं वहां जा कर कहा था कि अपने को खेती के लायक बनाओ। और अगर नहीं बना सकते तो फिर किस काम के लिएहो। लेकिन उस की तरफ सरकार का ध्यान नहीं है। कोई मंत्री वहां नहीं जाता है अगर आप नहीं जायेंगे तो कैसे ऐग्रीकल्चर पनपेगा ? स्टेशनों पर जो साहित्य मिलता है उसमें कुछ नहीं है। जो साहित्य कृषि भवन से निकलता है उस की यह हालत है कि जो एक पत्रिका निकलती है वह फसल के 6,6 महीने बाद निकलती है। जबकि उस पत्रिका को ऐसे समय निकलना चाहिए जिससे लाभ उठाकर किसान फसल बो सके और काट सके। अगर बाद में वह पत्रिका निकलती है तो उस का क्या उपयोग है ? प्रकाशन और कृषि शिक्षा पर कोई मंत्री महोदय अगर गौर कर सकें तो कभी कभी मैं भी कुछ सलाह कृषि के बारे में दे सकता हूं यद्यपि मैं ज्यादा पढ़ा लिखा नहीं हूं।

जो रिसर्च हमारे देश में हुई है उस के सामने हम नत-मस्तक हैं। रिसर्च ने हमारा माथा ऊंचा किया है। उस काम को अगर देश में फैला सकें तो बड़ी भारी उन्नति हमारी कृषि में हो सकती है। उस रिसर्च का प्रसार बहुत कम है, एक फीसदी किसान भी उसका लाभ नहीं उठाते हैं और वह इसलिए नहीं उठा पाते कि उन तक रिसर्च को पहुंचाने के लिए आप के पास अच्छी मशीनरी, अच्छे आदमी नहीं हैं। आज किसान सब से ज्यादा इन चीजों को प्राप्त करने बाला है। अगर ऐसा न होता तो आज कोयम्बटूर में गन्ना कैसे जाता, देश के कोने कोने में पहुंच गया है, मैक्सिकन गेहूं पहले कौन जानता था ? लेकिन आज वह बैरायटीदेश के कोने कोने में पहुंच गई है। इसी तरह से धान और कपास में जो उपलब्धि हुई है वह भी रिसर्च का ही परिणाम है। इसलिए इस रिसर्च को अधिक से अधिक किसानों तक सरकार पहुंचाने की व्यवस्था करे। अगर ऐसा हो सके तो देश की व्यवस्था ही दूसरी होगी।

एक बात और बड़ी आजिजी के साथ निवेदन करना चाहता हूं, और वह है स्टेटिस्टिक्स से संबंधित। वित्त और रेवेन्यू की स्टेटिस्टिक्स होती है, जोकि करीब-2 सही निकलती हैं। लेकिन एग्रीकल्चर की स्टेटिस्टिक्स जो है, यह अनुभव के आधार, अन्दाजे के आधार पर बनती है। इसने हिन्दुस्तान में गजब पैदा कर दिया है। श्रीमन्, क्षमा चाहूंगा आप से कहने के लिए कि आफिशियलडम और स्टेटिस्टिक्स एग्रीकल्चर, इन का आपस में कुछ गठबन्धन है। जो मन में आया लिख दिया, जो चाहा वह स्टेटिस्टिक्स बनादी। इस को श्री शाह नवाज खां ध्यान में रखें। क्या वे इसके बारे में कुछ कर सकेंगे ? मेरा यह कहना है कि अगर स्टेटिस्टिक्स का हम ने दुरुस्त नहीं तो हम बहुत नुकसान उठाएंगे उठाते जा रहे हैं हम क्या बतावें, श्रीमन्, कि यह स्टेटिस्टिक्स उत्तर प्रदेश में गन्ने के उपर दुगना कर दिया। हमारे यहां देवरिया में शिवरही मे एक फैक्टरी है। उसके बारे में लिखा हुआ है कि 50 फीसदी गन्ना खाण्डसारी और गुड़ में चला जाता है जबकि खांडसारी का वहां पर एक भी यूनिट नहीं है। कहीं पर शौक से किसी ने गुड़ बना लिया, वह दूसरी बात है। इसके लिए यह लिख दिया गया कि 50 परसेन्ट गन्ने की खांडसारी और गुड़ बनता है। यहां पर श्री रामसेवक सिंह जी बैठे हुये हैं और बाबू जगजीवन राम जी भी जानते हैं कि उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों में कितना गुड़ बनता है और कहां खांडसारी बनती है। इस

तरह से अगर 50 परसेन्ट या 60 परसेन्ट गन्ना स्टेटिस्टिक्स के हिसाब से गुड और खाडसारी में चला जाता है, तो एग्रीकल्चर प्राइसेज कमीशन इस को ध्यान में रख कर गन्ने की कीमत मुकर्रर कर देना है। इस तरह से स्टेटिस्टिक्स एक धोका है और धोका करके मूर्ख बनाया जाता है ए० पी० सी० को और आज समचे देश को धोके मे रखा जाता है और समुचा देश धोका खाता है। ए०पी० सी० के हिसाब से गन्ने का दाम उसी हिसाब से जोड दिया जाता है।

श्रीमन् गन्ने के दाम के बारे मे मै आप को बताऊ और वजीर साहब याद करे कि सन् 1949-50 मे गन्ने का दाम क्या था। मैं 1950-51 का बात नही कहता, मैं 1949-50 की बात कहता हू जबकि गन्ने का दाम दो रुपये मन था छः रुपये प्रति क्विटल से कुछ कम। आज हमे गन्ने का दाम साढे आठ रुपया दे रहे हैं और अगर कही पर किसान मिलवालों से निपट लेते हैं, तो उनको 13 रुपये क्विटल गन्ने का दाम मिल जाता है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: I have given you double the time of what the Members of your Party are entitled to. That is fair enough I have still 40 names before me.

श्री गेंदा सिंह : श्रीमन, मैं समझता हूं कि रघुरमैया साहब हम को और ज्यादा समय दिलाने की सिफारिश करेंगे ताकि मैं अपनी बात आप से कह सकू। मैं जल्दी जल्दी अपनी बात कहता हूं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: You must conclude now. You have taken double the time given to your party Members. I called you once; you were not there. In the ordinary course I should not have called you again. But because you are a sick man, I went out of my way and I called you. I have given you double the time what is given to your party members. That should be enough. You should be considerate to others also.

श्री गेंदा सिंह : मैं क्या करू। विधाता ने यह मौका दिया है कि मैं अपनी बात आप से जल्दी जल्दी नही कह सकता। मेरी थोडी सी मजबूरी है और इस मजबूरी के लिए मैं आप की थोडी सी मेहरबानी चाहता हू।

MR DEPUTY SPEAKER You have made many of your points. You are mentioning too many names Lot of time has gone into that Now you may please conclude

श्री गेंदा सिंह : श्रीमन्, मैं गन्ने वाली बात फिर कहूगा अगर मौका मिला। मौका मिलेगा या नही, यह तो मैं नही जानता। बाबू जगजीवन राम जी गन्नेवालो के विधाता थे। उन्होंने एक कमीशन बनाया और उस की रिपोर्ट अभी विचार के लिए है लेकिन इस बीच मे एक ऐसा काम इस सरकार ने किया है कि आज गन्ने का किसान जून तक और जुलाई तक खडा रहेगा। श्रीमन्, इसलिए खडा रहेगा कि दूसरे तरीके से उस के गन्ने को खत्म करने के लिए, खाडसारी की स्थिति को तोड-मरोड दिया गया और उस का नतीजा यह होगा कि यू०पी० का किसान इस को भुगतेगा। मई के बाद किसी किसान को रुचि नही रहती है और अप्रैल के बाद उसके गन्ने को खत्म कर देना चाहिए।

एक बात गडक नहर के बारे मे कहूगा। गडक एक नदी थी, जिस से यह नहर बना।

MR. DEPUTY-SPEAKER This should be your last point. There should be a limit This is to be your last point

श्री गेंदा सिंह : श्रीमन्, मैं खत्म करता हू लेकिन मैं दो मिनट मे केवल अपने कुछ प्वाइन्ट ही कहूगा। गडक नहरकी बात मैंने जबानी कह दी। गडक नहर जो अभी बनी है उस को कम से कम ऐसा बना दीजिए कि वह नुकसान न करे। वह फायदा करेगी और कर रही है लेकिन उस के ऊपर अधिक ध्यान दिया जाए।

[श्री मेंया सिंह]

श्रीमन्, एग्रीकल्चर प्राइसेज कमीशन के बारे में ज्यादा न कह कर मैं इतना कहना चाहता हूं कि किसी भी तरह गेहूं का दाम 125 रुपये से कम नहीं फिक्स किया जाना चाहिए। जो बात पिछले वर्ष हुई थी कि एग्रीकल्चर प्राइसेज कमीशन की बात को छोड़ कर आप आगे बढ़े थे, उतना ही आगे इस वर्ष आप बढ़िये और अगर आप आगे बढ़ेंगे, तो किसान आप से थोड़ा खुश हो जाएगा और इस का नतीजा यह होगा कि आप ज्यादा गेहूं खरीद सकेंगे। जैसे आप और लोगों को ज्यादा दाम देते हैं वैसे ही आप किसान को भी ज्यादा कीमत दीजिए ताकि उस को कुछ फायदा हो।

15 hrs.

श्री चन्दूलाल चन्द्राकर (दुर्ग) : उपाध्यक्ष जी, देश के 75 प्रतिशत लोग गांवो में रहते हैं और मजदूर हो या किसान हो, वे सब खेती के काम में लगे रहते हैं। हालांकि 75 प्रतिशत लोग खेती के काम मे लगे हुए हैं लेकिन जितनी भी खेती के सम्बन्ध में नीति बनाई जाती हैं, उन से सलाह-मश्विरा कर के वे नीति न बनाने के कारण आज उत्पादन में वृद्धि होने मे दिक्कत हो रही है। सिंचाई के जो अच्छे साधन हैं उन का पूरा उपयोग भी नहीं हो पा रहा हैं। मूल्यों का ठीक निर्धारण नहीं हो पा रहा है। धान या गेहूं का जो मूल्य निर्धारित हुआ है वह कैसे हुआ है और किन लोगो से किया है, इसको आप देखें। एक आयोग के कुछ लोगों ने बैठ करके उसको निर्धारित कर दिया है। वे कहीं आए गए नहीं। दिल्ली के आसपास दो चार जगहों पर घूम करके उन्होंने मूल्यों की सिफारिश कर दी। चाहे मूल्य निर्धारित करने का सवाल हो, चाहे खेती से सम्बन्धित नीति निर्धारित करने का सवाल हो, या सिंचाई की बात हो, मैं चाहूंगा कि सलाह मश्विरे में मजदूरों के भी प्रतिनिधि शामिल होने चाहिए, सरकार के भी होने चाहिये और किसानों के भी होने चाहिये और तीनों पक्षों के लोग बैठ कर मूल्य निर्धारित करने के बारे में, नीति निश्चित करने के बारे में, सिंचाई के बारे में फैसले कर लिया करें। आपने आज धान के मूल्य 74 रुपये और गेहूं के 105 रुपये क्विंटल निर्धारित किए हैं। हर कोई जानता है और सरकार भी जानती है और जिन्होंने इन मूल्यों की सिफारिश की है वे भी जानते हैं कि ये मूल्य बहुत कम हैं। लेकिन किसी कारणवश, किसी मजबूरी की वजह से ये निर्धारित कर दिए गए हैं। अब इसका परिणाम क्या होगा ? 75 प्रतिशत लोग गांवो मे रहते हैं। उनकी कमाई का जरिया उनकी फसल ही होती है, खेती ही होती है, धान, गेहू, गन्ना, कपास, तम्बाकू आदि ही होते हैं। अब जो मूल्य निर्धारित करने वाले लोग हैं वे एयर कंडिशंड कमरो में बैठ कर अपनी रिपोर्ट तैयार कर लेते हैं और मूल्यो की सिफारिश कर देते हैं, नीतियां निर्धारित कर देते हैं और सरकार उस पर अमल कर लेती है। अब मूल्य तो केन्द्रीय सरकार निर्धारित करती है लेकिन इनको अमल में लाने का उत्तरदायित्व राज्य सरकारो पर होता है। उनको जब खाद्यान्न वसूली का काम करना पड़ता है तो किसानों से झगडा करना पड़ता है, उनसे गालियां खानी पडती हैं। उन्हीं का सीधा सम्पर्क किसानो से होता है। उनके सामने तरह तरह की दिक्कते पेश आती हैं अनाज वसूली के मामले मे। हमारे कृषि मंत्रालय के सभी मंत्री जैसे जगजीवन राम जी, शिन्दे साहब, शाहनवाज खां साहब योग्य हैं, इनको खेती के बारे मे जानकारी है। इनको इस सारे विषय पर गम्भीरता से विचार करना चाहिए और जितनी जल्दी हो सके मेरे सुझाव को हो सके तो अमल में लाना चाहिए। ऐसा उन्होंने किया तो इसके अच्छे परिणाम निकल सकते हैं।

आपने देश में 5123 कम्युनिटी डिवेलपमेंट ब्लाक खोल रखे हैं। पंचायतों की संख्या एक लाख से ऊपर है। लेकिन कम्युनिटी डिवेलपमेंट ब्लाक की संख्या 5123 है

उन पर आप 1975-76 में 136 करोड़ रुपया खर्च करने वाले हैं। उनमें कर्मचारियों की संख्या 98000 है। यह काफी बड़ी फौज है। अब इन विकास खंडो के जो लोग हैं वे यही कहते रहते हैं कि यह होना चाहिए। हर बात के लिए कह देते हैं कि यह होना चाहिए। कुछ करके नही दिखाते हैं। मैं समझता हू कि इनका काम यह होना चाहिए कि ये उत्पादन करने के तरीको का प्रदर्शन करके दिखाए और लोगों को बताये कि इस तरह के उत्पादन वे करें ताकि पैदावार बढे। आज क्या हो रहा है। किसानों के लडके और चाहे मजदूरों के लड़के जब वे पढ़ लिख जाते हैं तो सीधे शहरों की ओर भागते हैं। इससे शहरो की समस्याये बहुत बढ़ी हैं और वहां की आबादी भी बहुत तेजी से बढ़ रही है। मैं सुझाव देना चाहता हू कि सभी सी डी ब्लाक्स को समाप्त करके हर दस लाख की आबादी के पीछे आप एक मल्टीपरपज एग्रिकलचरल डैमस्ट्रेशन फार्म खोलें। वहा पर यह दिखाया जाए कि किस तरह से फसलों का अधिकाधिक उत्पादन हो सकता है, कौन सी फसल को कितने पानी की और कब कब पानी की आवश्यकता होती है, कितनी खाद देनी चाहिए आदि आदि सारी जानकारी किसानो को उपलब्ध हो। आप तो जानते ही हैं कि हम अपने देश मे एक पाउंड धान का उत्पादन करने के लिए 428 पाउड पानी खर्च करते है जब कि जापान चालीस पाउड पा ी से एक पाउंड धान की फसल पैदा कर लेता है। इस तरह से आप देखे तो पता चलेगा कि हमारे यहा पानी का दुरुपयोग होता है। भूमि की जांच नही होती है। भूमि की जांच करने के लिए कही हमारे देश मे ऐसी व्यवस्था नही है जो आसानी से सुलभ हो सके। आप तो जानते ही हैं कि हर एक व्यक्ति फर्टिलाइजर का इस्तेमाल करता है। अब कितनी मात्रा में खाद डालना चाहिए यह किसानों को पता नहीं होता है। वे अनापशनाप खाद डाल देते हैं जिससे फर्टिलाइजर का दुरुपयोग होता है और उससे फसल को भी उतना लाभ नहीं हो पाता है जितना होना चाहिए। इस वास्ते मल्टीपरपज डैमस्ट्रेशन फार्म्ज में उत्पादन करने के बारे में तथा उसके हर पहलू पर प्रदर्शन हो सकते हैं फिर चाहे वह अनाज का उत्पादन हो, सब्जियो का हो या किसी और चीज का हो। जिस क्षेत्र में जो चीज पैदा हो सकती है और अच्छी पैदा हो सकती है उस के बारे मे प्रेक्टिकल जानकारी लोगो को मिलनी चाहिए। उन फार्म्ज मे जितने भी काम करने वाले अफसर हो उनके मकान बहुत सुन्दर और एयर कंडिशंड न बना कर के सादे बनाए जाए, मिट्टी के और इंटो के बनाए जाए, बड़े सादा हो। वहा इस तरह की व्यवस्था भी होनी चाहिए कि पांच छ: सौ किसान आ कर तीन चार महीने तक रह सकें और उनके रहने के लिए साधारण मकान होस्टल की तरह के बनाए जा सकते हैं। वहीं रह कर वे ट्रेनिंग ले सके, इसकी व्यवस्था आप कर सकते हैं। वही पर बैंक की व्यवस्था भी हो जहा से किसान को कर्ज मिल सके, बीज मिल सके, औजार मिल सके, कीडे मारने की औषधिया आदि मिल सकें। तात्पर्य कहने का यह है कि यहा पर किसान की हर तरह की समस्या हल करने की व्यवस्था आपको करनी चाहिए। यहीं वह ट्यूबवैल खरीद सके, औजार आदि खरीद सके ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए। मल्टीपरपज में इसीलिए कह रहा हूं कि किसान की सभी जरूरतो की पूर्ति वहा हो सके। उत्पादन के साथ साथ कर्ज देने की व्यवस्था भी वहा हो और बैंक भी वहां हो। अभी किसान को कर्जा लेना होता हैं कुआ वगैरह बनाने के लिए तो उसको पचास जगह दौड़ना पड़ता है फिर भी उसको कर्ज नही मिलता है और निराश हो कर वह वापिस घर आ कर बैठ जाता है।

औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र भी हर दस लाख की आबादी के पीछे एक होना

[श्री चन्दूलाल चन्द्राकर]

चाहिये। एक मल्टीपरपज एग्रिकलचरल डैमस्ट्रेशन फार्म और एक इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर होना चाहिए। वहां पर गावों के पढ़े लिखे लड़कों को औद्योगिक प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था होनी चाहिए। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अगर वह छोटा मोटा धंधा कोई करना चाहता है तो उसके लिए सामान उसको वही से उपलब्ध हो जाना चाहिए ताकि वह उत्पादन कार्य जल्दी शुरू कर सके। जो मशीनरी चाहिए ट्रेनिंग लेने के बाद वह वही उसको मिल जानी चाहिए, वही पर अपना उद्योग धंधा लगाने के लिए उसको कर्ज मिल जाना चाहिए। इस तरह से पांच छः सौ केन्द्र अगर बन जाते हैं तो उससे देश को बहुत लाभ हो सकता है। ये छोटे छोटे डिवेलपमेंट ब्लाक्स की तरह के हो सकते है जहां कि छोटे-मोटे उद्योग धंधे भी आसपास लग सकते हैं या कोई वापिस जा कर लगाना चाहे तो लगा सकता है और उसको उत्पादन करने का और किसी काम में लग जाने का मौका मिल सकता है। इससे शहरो की ओर दौड़ने की जो प्रवृत्ति आज नजर आ रही है उस पर धीरे धीरे रोक लगेगी और लोग गावों में ही छोटे मोटे उद्योग धंधे लगा लेंगे।

आज देश में पशुधन की ओर बहुत ध्यान दिया जा रहा है। पैसा तो उसके लिए खर्च किया जा रहा है लेकिन उसका ठीक उपयोग नही हो रहा है। मैं उदाहरण देता हूं। अच्छी नस्ल की गाएं कलकत्ता, बम्बई आदि में बहुत अधिक संख्या में आती हैं। कारण यह है कि वहां के लोग उनके लिए अधिक पैसा दे सकते हैं, अधिक पैसे में दूध वहां खरीद सकते हैं। लेकिन होता क्या है? गाय का दूध ज्यादा निकालने के लिए जो अच्छी नस्ल की गाय के बछड़े या बछियां होती हैं उनको अकसर लोग मार डालते हैं। इससे बहुत नुकसान हो रहा है पशुधन का। इन को किसी जगह रखने की व्यवस्था हो जानी चाहिए ताकि उनको मारा न जाए, जो शाखाओं में रखने की आप व्यवस्था कर सकते हैं। इतना ही नहीं जिस तरह से ये मल्टी-परपज एग्रिकलचरल डैमंस्ट्रेशन फार्म हैं वहीं पर पशुधन के विकास के उनकी रक्षा के तरीके बताए जा सकते हैं कि किस तरह से उनको पौष्टिक चारा दिया जा सकता है इस सबके प्रदर्शन हो सकते हैं और इनकी व्यवस्था भी वहीं हो जानी चाहिए।

हम अनाज पिछले कई सालो से विदेशों से बड़ी मात्रा में मगाते आ रहे हैं। पिछले साल 48 लाख टन अनाज मगाया। इस साल जनवरी फरवरी में 17 लाख टन मगाया जा चुका है। मूल्य इसका कही हमने 230 रुपये कही 300 रुपये और कही 250 रुपये क्विटल दिया है। क्या ही अच्छा होता अगर आपने इस पर गम्भीरता से विचार किया होता और देश के किसानो को अधिक प्रोत्साहित किया होता? हमारे किसानो मे क्षमता है कि वे अधिक से अधिक अनाज पैदा कर सके। उनको जो उत्पादन खर्च होता है उसका हिसाब लगा कर के मूल्य नही मिलता है। विदेशो से अनाज मंगा कर हमें बहुत घाटा भी हो रहा है लेकिन फिर भी हम ऐसा करते आ रहे हैं। मैं चाहूंगा कि इस चीज की ओर हम अधिक से अधिक और गम्भीरतापूर्वक ध्यान दे।

इतने बड़े देश के तीन-चौथाई हिस्से में चावल की फसल होती है लेकिन रिसर्च सैंटर बहुत कम है। राइस-रिसर्च सैंटर बहुत कम हैं। मेरा सुझाव है कि मध्य प्रदेश में, जिसके चारो तरफ चावल होता है, वहां एक रिसर्च सैंटर हो। दूसरी जगहों पर कई रिसर्च सैंटर है लेकिन मध्य प्रदेश में एक भी नही है। मेरा कहने का तात्पर्य यह है कि आप कहीं भी खोलिये, लेकिन मैं मध्य प्रदेश इसलिये कह रहा हूं कि यह सात राज्यो का सीमा केन्द्र है। इसके चारो तरफ लगने वाले सात राज्य हैं राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात। मध्य प्रदेश में रिसर्च केन्द्र खोलने से सभी को लाभ हो सकता है।

हमारे यहां अकाल की स्थिति है। कई राज्यों में और भी अकाल की स्थिति है। चाहे उडीसा हो, राजस्थान हो, मध्य प्रदेश हो कोई भी हो जो पांचवे फाइनेन्स कमीशन ने कर्ज देने के लिये सुझाव रखा है, मैं समझता हूं इस पर फिर से विचार करना चाहिये। अधिकांश मध्य प्रदेश में, जहां चावल उत्पादन होने वाला क्षेत्र है वहां भयंकर अकाल है लेकिन मध्य प्रदेश सरकार के पास धन नही है जिससे ज्यादा लोगो को काम दिया जा सके। इतने बडे क्षेत्र में 3 लाख लोगो को भी मुश्किल से काम मिला है जब कि आवश्यकता यह है कि 15 20 लाख लोगो को काम देना है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह मध्य प्रदेश सरकार को अधिक धन दे।

मंत्रालय को सिंचाई के बारे में अधिक से अधिक ध्यान देना चाहिए। जैसा और मित्रो ने कहा है, यह ठीक है कि चाहे नर्बदा का हो या और कोई विवाद हो उनको अधिक समय तक ऐसे ही नही रहने देना चाहिये और उसके लिये जल्दी से जल्दी समझौता करना चाहिये ताकि उसका सही उपयोग हो सके। लेकिन इसके साथ ही साथ सरकार को अधिक से अधिक छोटी सिंचाई के ऊपर ज्यादा जोर देकर काम करना चाहिये जिससे अधिक उत्पादन हो सके।

**श्री तुलाराम (घाटमपुर)** : उपाध्यक्ष महोदय, मैं कृषि और सिंचाई मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत मांगो का समर्थन करने के लिये खडा हुआ हूं। खेती ऐसी चीज है जिसका 80 फीसदी लोगो से, जो गांव के रहने वाले लोग हैं—चाहे किसान हो या खेतिहर मजदूर हो, उनका नजदीक से सम्बन्ध है। मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि स्वराज्य से पहले किसान और खेतिहर मजदूर की क्या हालत थी।

किसान की हालत यह थी कि वह निराश था, जमींदार द्वारा त्रस्त था, उसका मनोबल गिरा हुआ था। उसे अन्धकार ही अन्धकार दिखाई देता था हम ने उत्तर प्रदेश में मजदूर को दो आने या 6 पैसे मजदूरी मिलती थी। अगर आप पूर्वी उत्तर प्रदेश की बात करें तो वहां शायद भटा खाना देकर ही मजदूर से मजदूरी करवाई जाती थी। यह तस्वीर स्वराज्य से पहले हिन्दुस्तान की थी। स्वराज्य के बाद देश मे कांग्रेस की सरकार बनी और सूबों में भी कांग्रेस की सरकारें बनी। कांग्रेस की सरकार ने देहात की हालत सुधारने की कोशिश की। किसान और खेतिहर मजदूर के बीच मे जमींदार था। कांग्रेस की सरकार ने भूमि सुधार किये और जमींदार को किसान और खेतिहर मजदूर के बीच से उठा लिया। किसान को खेती का मालिक बना दिया। शायद आपको आश्चर्य हो कि किसान खेती जोतता था लेकिन उसकी मेड पर जो पौधा होता था वह जमींदार का होता था और जमींदार उसे कटवा लेता था। लेकिन जमींदार का उन्मूलन हुआ और खेती की चकबन्दी करने की कोशिश की गई। मैं समझता हूं कि बहुत से प्रदेश ऐसे है जिनमें ज्यादा से ज्यादा भूमि चकबन्दी मे आ चुकी है लेकिन अभी बहुत जगह चकबन्दी होनी है। चकबन्दी से फायदा यह हुआ कि किसान की जमीन इकट्ठी हो गई और किसान उसमें सिंचाई के साधन जुटा सकता है। इसके अलावा किसान अपनी जमीन की देखरेख अच्छी तरह से कर सकता है।

स्वराज्य के पहले किसान की पैदावार मेरे ख्याल में शायद 4 मन फी एकड से ज्यादा नही थी। कांग्रेस सरकार ने कोशिश कर के, प्रयास कर के किसान की पैदावार को बढ़ाया, उसे अच्छा बीज दिया उसे हरी खाद का प्रयोग करना बताया, तरह तरह से प्रशिक्षित किया, खेती के छोटे-छोटे और बडे-बडे यन्त्रो का इस्तेमाल करना बताया। नतीजा यह हुआ कि दुनिया मे खेती करने के जो इम्प्रूव्ड तरीके है उस नई टैक्नीक को किसान ने जब सीखा तो उसकी पैदावार बढी। आज मैं कह सकता हूं कि स्वराज्य से पहले हिन्दुस्तान की पैदावार

[श्री तुलाराम]

जो साढ़े पांच करोड़ टन से ज्यादा नहीं थी वह अब करीब दुगनी हो गई है। लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि हमारे देश में मौसम की खराबी की वजह से, पानी न बरसने की वजह से, सूखे की वजह से भूमि की पैदावार घटी और देश के अन्दर एक बड़ी परेशानी पैदा हुई। हमको बाहर से गल्ला मगाना पड़ा अरबो रुपये उस पर खर्च हुए।

मैं यह कहना चाहता हू कि जब किसी बात को हम करते हैं तो उसकी पूरी तस्वीर हमारे सामने होनी चाहिये। लेकिन कुछ कमजोरिया हैं जिनके बारे में मैं आपका बताना चाहता हू। किसान जिसका मनोबल बढ़ा हुआ था, जिसकी ज्यादा से ज्यादा पैदावार करने की हिम्मत थी, उसकी हिम्मत को तोडा जा रहा है। मेरी समझ में नही आता कि यह कृषि मूल्य आयोग क्या चीज है। इन लोगो को खेती के बारे में जानकारी है या नही है। क्या यह नही समझते हैं कि पिछले बजट के समय और आज के बजट के समय खेती पर जो लागत लगती है, उसमें कितना फर्क हो गया है?

यूरिया, फर्टिलाइजर के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि पिछले बजट के समय जिसकी कीमत साढ़े 52 रुपये के करीब थी अब उस यूरिया का सरकारी रेट 106 रुपये है। जब 106 रुपये के रेट पर भी वह किसान को नही मिलती है तो वह किसान यूरिया बाजार से 125 रुपये बोरी तक खरीदता है। बिजली जहा पहले 3 रुपये फी हार्सपावर के हिसाब से किसान को मिलती थी, अब वह महीने में 15 रुपये फी हार्सपावर के हिसाब से मिलती है। इस तरह से किसान का खर्च बढ़ जाता है। जब वह बाजार में जाता है तो सारी की सारी चीजें उसे ज्यादा दामों पर मिलती है। लेकिन उसके गेहूं के मूल्य का केवल 105 रुपये का सुझाव दिया गया है। किसान की चीज को मुफ्त में खाना चाहते हैं। किसान पर ज्यादा से ज्यादा बोझ लादा जा रहा है, उसका कोई ख्याल नहीं किया जाता है।

हम देखते हैं कि अभी पिछले दिनों यहां घी की कीमत 21 रुपये किलो थी अब उसे बढ़ाकर 25 रुपये किलो कर दिया गया। सरकार सारी की सारी चीजों की कीमत बढ़ाती जाती है। लेकिन जब किसान की बात आती है तो सरकार कहती है कि अगर गेहूं की कीमत बढ़ाई जाती है तो इसका असर मुद्रास्फीती पर पड़ता है, तेजी आयेगी।

मेरा सरकार को सुझाव है और अनुरोध है कि सरकार इस पर सही ढंग से विचार करे और देखे कि खेती पर जो खर्चा होता है और किसान को जो मूल्य मिलता है, उसमें कोई सामंजस्य है या नही है। मैं यह कहना चाहता हू कि किसान का उत्पादन बढ़ेगा तो उसके साथ ही साथ मजदूरो को भी मजदूरी बढ़कर मिलेगी।

मैं अपने इटावा जिले की बात करना चाहता हूं। पहले मजदूर को 6 पैसे मजदूरी मिलती थी लेकिन मेरे जिले में अब 5 रुपये मजदूरी मिलती है। लेकिन यह मजदूरी कब मिलती है? जब किसान की हालत सुधरी, तब उसको 5 रुपये मजदूरी मिलती है। अगर किसान की हालत खराब होगी तो किसान के साथ साथ मजदूर की भी तबाही आयेगी क्योंकि किसान की पैसा देने की क्षमता कम हो जायेगी।

15.20 hrs.

[SHRI DINESH CHANDRA GOSWAMI *in the Chair.*]

हमने जमीन की सीलिंग की बात कही, लेकिन मेरी समझ में नहीं आता कि सीलिंग से जो जमीन निकली, वह पृथ्वी पर है या आसमान पर है। यह कहा गया था अनुसूचित जातियों के भूमिहीनों और अन्य भूमिहीनो को जमीन दी जायेगी। लेकिन अभी तक उस का कहीं पता नहीं है। मेरा निवेदन है कि उस जमीन को पृथ्वी पर लाया जाये और लोगों में उस का बंटवारा किया जाये।

कहा जाता था कि जिन गरीब लोगों के पास रहने के लिए जगह नही है, उन को जगह दी जायेगी। लेकिन बहुत कम लोगो की जगह मिल पाई है। और जिन को मिल भी पाई है, वह केवल 02 एकड मिली है आप स्वय सोच सकते हैं कि इतनी जमीन में कितना काम किया जा सकता है। मेरा निवेदन है कि 05 एकड से कम भूमि नही देनी चाहिए। यह भी देखा गया है कि जिन लोगो को जमीन दी गई है, उस पर कुछ लोग अनधिकार कब्जा किये हुए हैं उस कब्जे को जल्दी से जल्दी हटाया जाना चाहिए।

फूड कार्पोरेशन ग्राफ इन्डिया में घोर भ्रष्टाचार है। जो आदमी एक साल फूड कार्पोरेशन मे नौकरी कर लेता है। वह दूसरे साल बडी भारी हवेली ग्रौर महल बनवाना शुरू कर देता है। मेरा सुझाव है कि सरकार उन लोगों के बारे में जाच करने के लिए सी० बी० आई० को लगाये। यह देखना चाहिए कि गरीबो की सहायता करने के लिए बनाई गई इस कार्पोरेशन को जो पैसा दिया जाता है, उस का किस तरह से दुरुपयोग होता है।

सरकार की भोजन-नीति सिटी-ओरियन्टिड, शहर-परस्त, है। देहात मे सरकार एक परिवार के पीछे दो छटांक शक्कर देती है, जबकि शहर मे एक आदमी को एक किलो शक्कर दी जाती है। इस के अलावा शहरो और कस्बो में राशन दिया जाता है, लेकिन देहात के गरीब लोग इस सुविधा सें वंचित हैं। देहात और शहरो मे इस तरह से फर्क करना एक समाजवादी सरकार के लिए मुनासिब नही है। मैं निवेदन करना चाहता हुं कि सरकार को एक इनकम निर्धारित कर देनी चाहिए, और यह व्यवस्था करनी चाहिए कि उस इनकम के आदमियो को शहर में भी राशन दिया जाये और देहात मे भी राशन दिया जाये। आज देहात का गरीब मजदूर भूख से तड़पता है। थोड़ी दूर कस्बे में लोग राशन लेने के लिए लाइन लगाये हुए हैं। वह भी उस लाइन में लग जाता है, तो उस को ठोकर मार कर निकाल दिया जाता है। इससे उस का मनोबल गिर जाता है। सरकार को गांव के उस मजदूर की तरफ भी ध्यान देना चाहिए, जो खेती मे अपना खून और पसीना लगाता है।

जैसा कि मैंने कहा है, कृषि मूल्य आयोग ने गेहू का जो भाव 105 रुपये निर्धारित किया है, वह बहुत कम है। उस का भाव 125 रुपये और 150 रुपये के बीच में होना चाहिए।

आज देश मे सहकारी खेती की आवश्यकता है। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने सहकारी खेती के पक्ष में बहुत बातें कही थी, लेकिन अभी तक उस की व्यवस्था नही हो सकी है। मेरा ख्याल है कि जो किसान सहकारी खेती का विरोध करते हैं,धीरे-धीरे वे सहकारी खेती के पक्ष में हो जायेंगे। जब मैं यह कहता हू कि मजदूर के बच्चे होने बन्द हो गये हैं, तो लोग इस बात पर आश्चर्य करते हैं जिस तरह गाय का बच्चा बछडा या बछिया होता है उसी तरह हजारो साल तक मजदूर का बच्चा मजदूर होता रहा। लेकिन आज मजदूर का बच्चा मजदूर नही होता है। आज मजदूर का बच्चा डिप्टी कलेक्टर होता है आई० ए० एस० और आई० पी० एस० में आता है। हम को अपना सोचने का ढग बदलना होगा। अगर हम सोचते हैं कि जिस तरह आज मजदूर मिलते हैं, उस तरह वे आगे भी मिलते रहेंगे, तो यह एक गलत बात होगी।

इस लिए मैं चाहता हू कि सहकारी खेती की व्यवस्था की जाये। उस मे अगर नुकसान होता है तो वह किसान और मजदूर पर भी पड़ता है, और अगर पैदावार बढ़ती है, तो किसान और मजदूर को भी उस का लाभ होगा। अगर सहकारी खेती नही शुरू की जायगी, तो मैं विश्वास के साथ कहता हू कि जो मार्जिन किसान को मिलता है, वह कम होता जायेगा, और अन्त में जब किसान को मार्जिन नही मिल पायेगा, तो वे लोग जमीन को छोड़ना शुरू कर देंगे। इस लिए सरकार से मेरा

[श्री तुलाराम]

अनुरोध है कि वह कोआपरेटिव फार्मिंग को शुरू करे, ताकि खेती तरक्की कर सके और उस का भविष्य उज्जवल हो ।

*SHRI SUBRAVELU (Mayuram) Mr. Chairman, Sir, I am very happy to participate in the discussion on the Demands for Grants of the Ministry of Agriculture and Irrigation and express my views on behalf of Dravida Munnetra Kazhagam.

Sir, what is the agricultural scene and foodgrains position in our country today after 27 years of Independence? In some parts of the country there is unprecedented drought and in order to appease their gnawing hunger the people are eating grass and roots. In the daily newspapers, every day we read about starvation deaths in some part of the other country or the other. The poor peasants who feed the entire nation with their sweat and blood do not get one square meal a day. There is chronic food scarcity and even the import of many million tonnes of foodgrains is not enough to meet the minimum needs of the people of our country. It is a crying shame on the part of the Central Government that they should go with their begging bowl year after year to many countries of the world for feeding the people of the country. Even after 27 years of independence the picture that has been painted abroad is that the people of India survive on the munificence of other countries.

When Shri S. K. Dey was the Chairman of the Planning Commission, he used to assert that India was a country with the largest area of cultivable land in the world and the country's water resources are abundant. He was not given to exaggeration because in India only we have mighty and perennial rivers like Ganges, Yamuna, Narmada, Godavari, Krishna and Cauvery. If in spite of nature's bounty India should depend upon the import of foodgrains for feeding her population, are we not demeaning ourselves in the eyes of the world?

If the countries of the World, which have for nine months in a year snow-covered fields, could become self-sufficient in foodgrains production, what should hinder India blessed with plenty of water resources and the largest cultivable land area in the world, in becoming self-sufficient in foodgrains? As if the gurgling waters of perennial rivers are not enough, the recurring floods during the period 1953 to 1974 have caused a loss of Rs. 3,500 crores to the country's agricultural wealth. Does this show that we are dificient in water resources? No There is something wrong in the Government's agricultural and irrigation policy and programmes. If that is refuted by the Government, then there is definitely some deficiency in the administrative machinery which implements such programmes. This argument can be easily substantiated by the fact that after a loss of Rs. 3,500 crores in 21 years the Government have come forward with a proposal to set up a Flood Commission for suggesting concrete flood control measures. There will be no wonder if the country loses some more thousands of crores on account of floods before such flood control measures as would be suggested by this Commission are implemented by this Government. I would also refer to another thing to indicate the ineffective food policy of this Government. The target of food production that has been fixed for the last year of the Fifth Five Year Plan is 140 million tonnes per year. It has been avered by the Government that the annual requirement of foodgrains is 150 million tonnes. Even if by chance we achieve the target of 140 million tonnes of foodgrains production at the end of the Fifth Five Year Plan, it is clear that we have to import annually another 10 million tonnes of foodgrains for meeting the needs of the people. is this the result of five Five-Year Plans? I would also like to know whe-

*The original speech was delivered in Tamil.

ther this is the result of massive investment of Rs. 2951 crores in irrigation projects during the period 1951 to 1974. It is an indelible slur on this Central Government that even after this colossal investment only 30 per cent of the cropped area in the country has been brought under irrigation systems Will the hon Minister of Agriculture indicate how many more Five Year Plans he would require to bring under irrigation system, the remaining 70 per cent of the cropped area?

We have got Prime Minister, Agriculture Minister and other Ministers in the Central Government who are committed to the welfare of the people in the country and who swear by their enthusiasm to usher in an era of egalitarian society in the country I would like to point out that the people of our country especially the agriculturists, are inherently hard working Their capacity to work hard is in no way less than their counterparts in any other country The merciful nature has also bestowed upon the country many benefits which are the envy of the others in the world, Yet the people are unable to extricate themselves from the quagmire of poverty I put the entire blame for this predicament on the shoulders of the Central Government for their indeterminate and unimaginative agricultural policy, food programmes and irrigation projects There is a chronic deficiency in the administrative set up of the Central Government,

In addition the Central Government have concentrated in their hands all the powers For example the State Governments have sent nearly 117 irrigation projects to the Central Government for their approval They are all adorning the racks of the Central Government Department for years and years. The Southern States have forwarded about 26 Irrigation Projects for the approval of the Central Government. Some of them are pending for nearly 5 years with the Central Government. All the revenue-raising resources are concentrated in the hands of the Central Government All the taxes that generate substantial revenue are levied by the Central Government With all this, if the Central Government could bring only 30 per cent of the cropped area under irrigation in 21 years I wonder why the Central Government should not hand over the money to the State Governments and also give their approval for the irrigation projects sent by them, which will enable the State Governments to bring more cropped area under irrigation schemes This is what our diligent leader and Chief Minister of Tamil Nadu, Dr Karunanidhi, has been demanding for years When the Central Government have not delivered the goods for the country, why not permit the State Governments to make an attempt? The only objective of both the Central and the State Governments should be the welfare of the people

But the ruling party at the Centre, unfortunately does not permit even the Congress Chief Ministers in the States to continue for long in power Perhaps the Central Congress leaders are afraid that if the Congress Chief Ministers are allowed to continue for long they might also start asking for more powers from the Centre The Central Government are determined not to allow such erosion under their feet Instead of diverting their energy in planning which Congress Chief Minister should be removed and who should be brought in his place, if the Central Government concentrate in implementing the plans and programmes for the welfare of the people, it will augur well for the country's future

You know Sir that without development of power, agricultural programmes will wither away In reply to a Question on the Floor of this House it has been stated that the deficit of power in Southern Region is 13 33 GWH/day which is the largest deficit in the country The Southern Region comprises of Andhra Pradesh, Karnataka, Kerala and Tamil Nadu,

[Shri Subravelu]

11 Power Projects are continuing in the Southern Region and 6 Power Projects are pending with the Central Government. It is known that the Agriculture Minister will say that the power projects are not under his charge. But, it must be remembered that Power and Water cannot be separated so far as agriculture is concerned. I would like to know what the Central Government have got to say for the inordinate delay in implementing the Power Projects and when the new Power Projects will be taken up for implementation

While discussing the Demands for Grants of the Agriculture and Irrigation Ministry, I have to refer to the unprecedented drought in Tamil Nadu, If I say that Tamil Nadu is in the throes of a dreadful drought for the past one year, it might be construed as exaggeration because my party the D.M.K. is in power in Tamil Nadu In reply to Starred Question No. 89 dated 24 2 1975, the Minister of Agriculture has stated that 1 60 crores of people in 12 districts of Tamil Nadu are afflicted by severe drought It has also been stated that the agricultural labourers in the worst affected districts like Pudukkottai, Ramanathapuram and Madurai have migrated to Thanjavur District in anticipation of better employment opportunities in the harvest season. You know, Sir, that Thanjavur, from where I have been elected, is known as the Granary of the South.

The Central Government's Agent in Tamil Nadu, the Governor of Tamil Nadu have also stated that there is 30 per cent fall in Tamil Nadu foodoutput on account of failure of monsoon rains, He has also said that the Central Government should rush one lakh tonnes of foodgrains per month for the coming 10 months to Tamil Nadu so that the State Government can tackle this worst-ever crisis.

But for the continuous exertion on the part of our ever-alert Chief Minister, Dr. Kalaignar Karunanidhi, this crisis would have become a calamity. He has ensured that the under-ground water resources in Tamil Nadu are fully utilised by digging tubewells throughout the State Drought relief measures have been undertaken on a war-footing Even the Central Finance Minister, Shri C. Subramaniam, who was exercised over the Centre's right to scrutinise the drought relief accounts, has conceded in a Press Conference that the drought relief measures in Tamil Nadu are being done on right lines His only grouse was that the cattle in Tamil Nadu are not getting as much feed as the cattle in Gujarat are getting When a correspondent asked him whether 60,000 tonnes of foodgrains supplied to Tamil Nadu against the demand of 1 00,000 tonnes of foodgrains, Shri C Subramaniam expressed that it would suffice the needs of the people I am only sorry that he did not show as much concern to the people of Tamil Nadu as he had shown to the cattle This only shows his callous attitude to the needs of the people of Tamil Nadu afflicted by unprecedented drought It is also feared that the drought relief assistance given to Tamil Nadu would reduce the Plan allocations to Tamil Nadu. It is possible in the hands of the Central Finance Minister who refused overdraft facility from R.B.I to Tamil Nadu but tolerated the overdrafts taken by the U.P. and Bihar State Governments I would appeal to the Agriculture Minister, Shri Jagjivan Ram, whose arrival in the Ministry of Agriculture was heralded by timely rains, whose unquestioned talent is a national asset, that he should use his good offices for allocating adequate quantities of foodgrains to drought-hit Tamil Nadu.

I have referred to Shri Jagjivan Ram in this manner because I know that under his wise chairmanship the Congress Chief Minister of Karnataka, Shri Devraj Urs, agreed to the creation of Cauvery Valley Authority in the interests of Karnataka, Tamil Nadu and Kerala and also to end the unseemly Cauvery Water dispute ami-

ably. But, I have to say that behind the back of Jagjivan Babu some mischief was done by some vested interests in the Congress Party and on his return to Bangalore, the Karnataka Chief Minister has gone back on his plighted words

I would like to state here that if Tamil Nadu is denied the legitimate share of Cauvery waters, the entire Tamil Nadu will become an arid zone Instead of occasional drought, there will be permanent drought in Tamil Nadu I wish to appeal to the Minister of Agriculture and Irrigation, Shri Jagjivan Ram, in whose benevolent hands the interests of Tamil Nadu are safe to convince the Congress Chief Minister of Karnataka about the just claims of Tamil Nadu for Cauvery waters

In conclusion I would like to refer to the hundreds of inter-state river water disputes which are pending settlement, on account which many worthwhile irrigation projects cannot also be taken up I have witnessed that the Central Government drag feet till the people of one State and the other start a struggle in support of their claims When the situation worsens, there is sudden awakening on the part of the Central Government, They immediately constitute Tribunals and the disputes are referred to the Tribunals In the place of the Government of India, the Tribunals drag their feet for years before some solution which is acceptable to neither party is arrived at This is what we have been seeing in the country There is not a single case in which the Central Government, in national interest, has taken an arbitrary decision in regard to any river water dispute so far. We find arbitrariness on the part of the Central Government on many ordinary issues. But, when the country's interest demands, when the people's welfare is in jeopardy, the Central Government cold-shoulders the issue,

While concluding, I would only say that Shri Jagjivan Babu will surely set up many precedents during his tenure as Agriculture Minister because the people's welfare is dear to his heart

SHRI M RAM GOPAL REDDY (Nizamabad) At the very outset I would like to refute the allegations which the DMK Member has levelled against Mr C Subramaniam Sir, Mr C Subramaniam is one of the great leaders of this country and whatever estimate he made about the requirements of Tamil Nadu is correct The estimated 60 000 tonnes of foodgrains, I think is correct and it should be sufficient as the one lakh tonnes demanded by the Tamil Nadu Government is on the high side

Sir I would now go through some of the aspects which have not been touched so far Our forests are being destroyed day by day and the area under forests is being reduced and I think to-day it is not even 25 per cent of our total area This is a very dangerous development in the country and I hope the Minister will take note of it and initiate necessary remedial measures On account of the destruction of our forest wealth we are not getting rains and we are also not getting the green manure Our lands are starved of green manure and the fertility of our soil is lost I am afraid Sir if this trend continues a day will come when our land will lose whatever little fertility it has and the whole country will become a vast desert

The destiny of the country is intermingled with and related to the fertility of the soil and if the soil is robbed of its fertility then it will be a bad day for us If this country was prosperous in the days of yore it was because of the fertility of our soil, The Minister should take note and check this deteriorating condition

Coming to wild life, all our wild life is being destroyed When the country attained Independence, we had

[Shri M. Ram Gopal Reddy]

about 50,000 tigers and unfortunately, to-day after 28 years, we are not even having 1800 tigers. There are Bengal tigers. . .

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI ANNASAHEB P. SHINDE): There are also Bengal tigers in this House.

SHRI M. RAM GOPAL REDDY: No. In this House we have now only pigmies, not Bengal tigers.

I want that the Government should take necessary action to protect, preserve and foster the wild life in our country.

Coming to wheat prices, I do not want to say much. Any price less than Rs. 125 per quintal is no remunerative price and I am afraid next year, if this trend of prices continues, there will be no wheat in the country,

Take the case of cotton. Our Government has been spending crores of rupees in importing long staple cotton and our kisans took a vow to make this country self-sufficient and in one year we have achieved not only self-sufficiency but also we have become surplus in cotton. But what is the reward they got from the Government? None. They do not even come to the rescue of the farmer. If the Government is going to treat the farmer like this, I am going to tell the Minister with all humility that either the kisans will throw all the cotton in the sea or burn it but will not part with it at such a low price. Everyday the Congress Party, the Parliament all plead with the Government to come to the rescue of the cotton-growers. Because we want to produce fine cotton in the country, the Government should give every encouragement and come to the rescue of the farmers who have suffered so much. If the Government do not respond positively, I am afraid next year this white gold which is cotton will vanish from our soil. There is an uncertainty about the sugar industry. One statement is made one day and another is made the other day contradicting each other. Government must make it clear that they are not thinking of taking over the sugar industry. This industry is utilising its capacity to the extent of ninety and ninetyfive per cent.

